जानने की बातें

भाषा और साहित्य

जरा ठहरिए ! एक मिनट—

बस, हो गया । अच्छा बताइए तो भला, यह एक मिनट मैं क्या सोच रहा था ? लाख सर मारिए, बता नहीं सकते आप ।

मैं बता दूं तो आप भले बता सकें । मेरे बताए बगैर आप बता भी कैसे सकते हैं कि मैं क्या सोच रहा था ! जानने की इसी तरकीब का नाम भाषा है ।

आप तक मेरी निगाहें नहीं जाती । और जहां मैं हूं, वहां से गला फाड़-फाड़कर चिल्लाने पर भी आपके कानों आवाज नहीं पहुंचती ।

ऐसे में उपाय ? उपाय इसका हमारे ही पास है । अपने मुंह की भाषा अगर किसी चीज से रखकर आप तक पहुंचा सकूं, तो कोई कठिनाई न रह जाए । भाषा को कहीं पहुंचा देने के इस उपाय का ही नाम लिखावट है ।

मगर जानने और जनाने के लिए ऐसा सर-दर्द :
आखिर ? हाथ-पांव समेटे चुप्प साधे बैठने मे ही क्या हर्ज है। अगर हाथ-पांव समेटे बैठा रहता, तो आदमी आदमी नहीं बन पाता। आज भी उसे पूंछ उठाए जंगलो मे ही भटकना पड़ता।

यह करामात तो हाथों की है कि मनुष्य जान सका है, जना सका है, उसने बात करना सीखा, नाचना-गाना सीखा, कविता लिखना सीखा। काम करने से ही ताल-लय और छंद आया।

इसके मानी यह हुए कि कला और साहित्य कुछ आसमान से नही टपक पड़ा। वह समाज से ही पैदा हुआ है। मगर इस का सबूत। इसके एक नहीं, अनेक सबूत इस पुस्तक में है।

कला और साहित्य पर समाज की छाप पड़ती है। क्या वैसी, जैसी कि पानी पर छाया पड़ा करती है ? नही ? कला और साहित्य समाज की वैसी निकम्मी छाया नही हैं।

भस्मलोचन की कहानी जानते है ? वह जिसे भी देख लेता था, वही जलकर राख हो जाता था। जिस दिन उस छाया में उसने अपने-आपको देख लिया, उसी दिन खुद भी जल गया।

जो समाज भस्मलोचन के समान ज्यादा लोगों को जलाया करता है, अपने में उसकी छाया रखकर कला और साहित्य उसे फूंकने का काम कर सकता है।

कला और साहित्य नए भविष्यत और नये जीवन को आगे बढ़ाने मे भी उतनी ही मदद कर सकता है।

इसका क्या प्रमाण है ? इसके अनेकों प्रमाण इस पुस्तक में हैं।

थोड़े में कहें, तो आदमी के हाथ से मनुष्य के भूत, भविष्यत् और वर्तमान की बात कही जा सकती है।

उन हाथों में है क्या ? हाथों में बात है, काम है। और मुट्ठी मे ? मुट्ठी मे बंद पड़ी है दुनिया।

भाषा

पहाड़ क्या होता है, यह समझाने के लिए अगर पहाड़ को ही सामने हाजिर करना पड़ता, तो किस मुसीबत मे पड़ते आप ? मान भी ले कि आप बड़े ही बहादुर है, फिर भी अजीब मुसीबत थी कि आपकी पूछ देखने के लिए एक खासी भीड़ जमा हो जाती ! क्योंकि गंध-मादन पहाड़ को कौन उठा लाया था ? हनुमान ही तो ?

समझना और समझाना

इससे आसानी से तो पत्थर का एक टुकड़ा यह काम कर सकता। अगर हम यह मान लें कि पत्थर के टुकड़े को सामने रख देने पर पहाड़ समझा जाए, तो फिर पहाड़ को हिलाने की जरूरत नही पड़ती। इसी तरह नदी के लिए धागा, पेड़ समझाने के लिए किसी तिनके से काम चल सकता था।

ऐसा भी हो जाए कि भारी के लिए हल्की, बड़ी के लिए छोटी चीज से समझाने का काम लिया जा सके, तो भी सब समय पहाड़ साथ लादकर चलना पड़े। यह तो नही कहा जा सकता कि कब कौन-सी बात समझाने की आवश्यकता आ पड़े। सो किसी भी चीज को छोड़ा तो नही जा सकता।

समझ लीजिए आप रास्ते से गुजर रहे हैं। किसीसे हो गई भेंट। उसे रोककर आप किसी गाछ की बात समझाना

चाहते हैं। ऐसे में झोली में से तिनका निकालना पड़ जाएगा। आप उसे रोकेंगे फिर झोली में हाथ डालकर तिनका ढूंढने लग जाएंगे। पत्थर का टुकड़ा मिल रहा है, धागा हाथ से लग रहा है, पर चीज़ों की उस भीड़ में कम्बख्त तिनका किसी तरह नहीं मिल रहा। सुबह से सांझ तक की परेशानी के बाद जब वह मिला तो आप देखते हैं कि ऊबकर वह आदमी ही कब का जा चुका है, जिसे समझाने के लिए आपको इतनी झंझट झेलनी पड़ी।

जो सदा साथ हो

सो समझाने के लिए इतना बड़ा बोझ ढोते पार नहीं लग सकता। कुछ ऐसा हो तो सहूलियत रहे कि जो सदा साथ रहे, उसे ढोये चलने का हंगामा न हो, खोने की भी फ़िक्र न हो। मगर ऐसी चीज़ हो क्या सकती है? हमारे हाथ-पैर, आंख-मुंह थोड़े में कहें तो हमारा शरीर है। संसार का कितना ही बड़ा भुलक्कड़ क्यों न हो, उसके लिए भी यह संभव नहीं कि कहीं अपना हाथ या अपनी कोई टांग भूल आए। आप चाहे जहां जाएं, शरीर साथ जाता है।

इससे यह पता चलता है कि बताने की सबसे अच्छी तरकीब हमारा शरीर ही लगा सकता है। हथेली पर केहुनी रखकर हम आपको बगला दिखा सकते हैं। अंगूठा दिखा दे सकते हैं। गर्दन हिलाकर 'हां' या 'ना' बता सकते हैं। गर्ज़ कि बदन के इशारे से बहुत कुछ बता सकते हैं। पहाड़ भी पत्थर के बजाय मुट्ठी से बता सकते हैं।

लेकिन थोड़ी देर के लिए यह सोचिए आप हैं बगल के कमरे में। हमें आपकी ज़रूरत है। अगर हाथों के इशारे से

बुलाए तो आपको पता ही नही चलेगा। मगर तालियां पीट दें, तो आप वहां से भी सुन सकते हैं। मतलब यह निकला कि इशारे से आवाज करने में कहीं ज्यादा सहूलियत है।

हाथ से नहीं, मुंह से

जानने की चीजें इतनी है कि उनका अंत नही। उन्हें जनाने के लिए आवाज भी उतनी ही तरह की चाहिए। तालियों से आप आखिर कितनी तरह की आवाज निकाल सकते हैं ? कोशिश कर देखिए तो ? ज्यादा आवाज जरूर नही निकाल सकेंगे। फिर कही आप चाय पी रहे हो। ऐसे मे मुझसे आप पूछना चाहें कि चाय पिएगे आप ? ताली बजाकर यह पूछना पड़े तो क्या हालत हो रहेगी ?

- फिर ? फिर तो यह मतलब हुआ कि कुछ बताने का उपाय हकीकत में आदमी के हाथों नही, मुंह में है।

फेफड़े की धौंकनी से जो हवा आती है, उसे गले, जीभ, तालु, दांत, होंठो से लगाकर, मुंह में इधर-उधर चलाकर जी चाहे जितनी तरह की आवाज आदमी निकाल सकता है। हाथ बंधे भी हों तो मुंह से आवाज निकालने में बाधा नही पड़ती।

तो इशारे के बजाय आवाज से कुछ बताना सभी लिहाज से ज्यादा सुभीते का है। आवाज से कुछ बताने का नाम ही भाषा है।

टप्-टाप् की आवाज से घर बैठे ही हम जान लेते है कि बाहर बारिश हो रही है। मगर यह टप्टाप् क्या बारिश की भाषा है ? नहीं। ढप् की आवाज होते ही ताल का बोध होता है। यह 'ढप्' क्या ताल भाषा हुई ? दरअसल आवाज भाषा नही होती, कुछ बताने की गर्ज से की गई आवाज भाषा

कहलाती है । आवाज होना और आवाज करना, दोनों में फर्क है ।

पशु-पक्षी भी तो आवाज से बताया करते है । अपने बछड़े को न देख पाये, तो गैया रँभाती है । कौएं कांव-कांव करके अपने सगी-साथियो को जमा करते हैं । इस पर से क्या कहा जाए कि पशु-पक्षियों के भी भाषा है ?

भाव और भाषा

नहीं । पशु-पक्षियों की पुकार होती है, भाषा नहीं । उनकी आवाज अस्फुट होती है—टूटी-टूटी । जैसे, कांव-कांव, भों-भों, हुंबा, भें-भें । जैसे, चोट पहुचने से हम ऊ कर उठते हैं, अच्छा लगने पर 'वाह' और लाज लगने से 'धत्' कहा करते है । -

मनुष्य अगर 'ऊः-आः, वाह-उफ्, छिः-धत्' के सिवाय और कुछ बोल ही नही पाता तो हम यह हर्गिज नही कह सकते कि मनुष्य की भाषा है । तरह-तरह की आवाज को पिरोकर भाव को साफ-साफ जाहिर कर देना ही भाषा का काम है ।

आपके यहां कोई मेहमान पहुंच जाएं, तो आपका कुत्ता तो यह नही पूछ सकता कि आप किसे ढूंढ रहे हैं ? लेकिन आपके घर कोई तोता हो, तो वह आदमी की तरह साफ पूछ सकता है—आप किसे ढूढ़ रहे है ? सिखाया जाएं, तो तोता और भी बहुत कुछ बोल सकता है । तो क्या तोते के भाषा होती है ?

नहीं । तोता आदमी की भाषा की हूबहू नकल कर सकता है । नकल की हुई वह बोली भाषा नही हो सकती । उसे हर बात का मतलब मालूम नही होता । इसीलिए वह खुद बोल नहीं सकता, रटी हुई बोली दोहराता है ।

इस बात से यह जाहिर होता है कि बोलने का यंत्र भी हो तो बोला नहीं जा सकता। उस यंत्र को काम में लाना आये तो भाषा आती है।

बात और काम

काम करने की जुर्रत केवल आदमी में ही है। बाहरी दुनिया को केवल वही अपनी मुट्ठी में कर सकता है। ऐसा कर सकने के लिए दिमाग और हाथ का मेल होना जरूरी है। लेकिन कुदरत से अकेले पार पाना कठिन है, इसीलिए मनुष्य दल बांधकर उससे लड़ता है। इस तरह दल बांधकर कुदरत से लड़ने का नाम ही काम करना है।

मिल-जुलकर काम करने लिए मनुष्य से मनुष्य का जो आपसी सबंध बनता है, वही कहलाता है समाज। उसके लिए आपस में समझौता होना चाहिए, एक दूसरे को जानना समझना चाहिए। इसके बिना कोई काम नहीं बन सकता। यह हम देख चुके हैं कि औरों को जानना और अपने को औरों को जताना, यह काम मुंह से बोलकर ही सबसे अच्छी तरह से हो सकता है। भाषा की जरूरत ही इसलिए हुई कि समाज के काम आए। समाज नहीं होती तो भाषा भी नहीं होती। और अगर यह भाषा नहीं होती तो समाज बनाना मुश्किल था। काम के साथ ही है बात, बात के साथ ही है काम। एक दूसरे को अलग नहीं किया जा सकता। बात के बिना काम कहीं नहीं बनता और किसी काम न आये तो बात महज एक निरर्थक आवाज होती है।

भाषा के माल-मसाले

घर बनाना होता है, तो बहुत से सरो-सामान की जरूरत पड़ती है। भाषा को भी वैसे माल-मसाले की आवश्यकता है।

कहलाती है । आवाज होना और आवाज करना, दोनों में फर्क है ।

पशु-पक्षी भी तो आवाज से बताया करते हैं । अपने बछड़े को न देख पायें, तो गैया रँभाती है । कौएं कांव-कांव करके अपने संगी-साथियों को जमा करते हैं । इस पर से क्या कहा जाए कि पशु-पक्षियों के भी भाषा है ?

भाव और भाषा

नहीं । पशु-पक्षियों की पुकार होती है, भाषा नहीं । उनकी आवाज अस्फुट होती है—टूटी-टूटी । जैसे, कांव-कांव, भौं-भौं, हुंवा, में-में । जैसे, चोट पहुचने से हम ऊः कर उठते हैं, अच्छा लगने पर 'वाह' और लाज लगने से 'धत्' कहा करते हैं ।

मनुष्य अगर 'ऊः-आः, वाह-उफ्, छिः-धत्' के सिवाय और कुछ बोल ही नहीं पाता तो हम यह हर्गिज नहीं कह सकते कि मनुष्य की भाषा है । तरह-तरह की आवाज को पिरोकर भाव को साफ-साफ जाहिर कर देना ही भाषा का काम है ।

आपके यहां कोई मेहमान पहुंच जाएं, तो आपका कुत्ता तो यह नहीं पूछ सकता कि आप किसे ढूंढ रहे हैं ? लेकिन आपके घर कोई तोता हो, तो वह आदमी की तरह साफ पूछ सकता है—आप किसे ढूढ रहे है ? सिखाया जाएं, तो तोता बहुत कुछ बोल सकता है । तो क्या तोते के भाषा

नहीं । तोता आदमी की भाषा की हूबहू
है । नकल की हुई वह बोली भाषा नहीं हो
बात का मतलब मालूम नहीं होता । इसी
सकता, रटी हुई बोली दोहराता है ।

जान

जैसे मिट्टी, पत्थर, गाछ की टूटी हुई डाल। कुछ चीजें कड़ी होती हैं, जैसे पत्थर; कुछ नर्म होती है, जैसे कीचड, माटी।

सारी प्रकृति को एक रूप देखना नही, उसकी अलग-अलग चीजों की ठोंक-बजाकर देखना, उसके हाव-भाव को गौर करना है। मान लीजिए, हम एक जगल मे बैठे। अदर जाते ही भक रह गए। देखा, मिट्टी को फोडकर बाहर क्या सब तो कतार बांधे खड़े है। जो चीज़ देखने मे इसी जैसी है, दूसरे जीवों से उसे अलग करते हुए उनका नाम रक्खा गाछ। गाछों पर भी गौर किया। 'देखा, यह गाछ एक से नही है। जो-जो एक से हैं उन्हे औरों से अलग वर्ग में रखकर सबका नाम रक्खा—सखुआ, ताड़, आम, बरगद, पीपल।

शब्दों से पहचान

चुनना और सजाना, चीन्हने और जानने की यही तरकीब है। चुन-चुनकर पेड़ों को ही देखा जाए, तो जगल को नही देखा जा सकता। अलग-अलग पेड़ों को एक जगह मिलाने से जंगल के दर्शन होते है।

लेकिन चीन्हने और जानने का मतलब ही होता है दूसरों से उसे अलग करना। जिसे हम जान गए, वह और-और की जमात में मिल न जाए, इसके लिए उस पर अलग लेबिल लगाना जरूरी है। मगर यह लेबिल धारणा पर तो नही लगाया जा सकता। इसीलिए नाम के लेबिल से मजे में काम चलाया जा सकता है। यह नाम ही चीज या भाव का चिह्न होता है। मतलब यह निकला कि चीन्हने के लिए नाम देना है। नाम ही पहचान कराता है। नाम को ही शब्द कहते शब्दों की बदौलत ही हम दुनिया को चीन्हते हैं। बिना [illegible]ना ही नही जा सकता।

^१ह्रस्व

भाषा का यह माल-मसाला है शब्द या बात। बगैर शब्द के भाषा नहीं हो सकती। तरह-तरह की आवाज से बनता है एक-एक शब्द। प अ ह आ ड़ —इतनी अलग-अलग ध्वनियों को गूंथकर एक शब्द बना है—पहाड़।

अब यह साफ समझ में आता है कि पहाड़ बताने के लिए महज यह शब्द ही काफी है। वस्तु हो चाहे भाव हो, जो भी बताना-समझाना हो, शब्द से ही वह समझाया जा सकता है। शब्द से कुछ बताने में समय भी कम लगता है। धीरे भी बात करिए तो सेकेंड में ज्यादा नहीं भी तो चौदह आवाज की जा सकती है।

तरह-तरह की आवाज से ही क्या शब्द बन जाता है? मान लीजिए, मैंने कहा—मारा आ शेविपता। आपने समझा कुछ? खाक नहीं समझा। लेकिन उन आवाजों को सजा-गुजाकर कहें—'आराम' 'विशेषता' तो वे सही मानी में शब्द बन गए। शब्द बन गए क्योंकि उनका अर्थ है। अर्थ रहने पर ही शब्द होता है।

किसी एक भाषा में जो शब्द होता है, वह दूसरी भाषा में शब्द नहीं भी हो सकता है। जैसे, अंग्रेजी का एक शब्द है 'करेज'। हिंदी का यह कोई शब्द ही नहीं। ऐसा भी शब्द हैं जो हिंदी अंग्रेजी दोनों में हैं, पर अर्थ दोनों का जुदा। जैसे टेम। टेम हिंदी में दीये के होती है और अंग्रेजी में उसके मानी है पालना।

जानने की तरकीब

कुछ कह देना, बाहरी दुनिया से परिचय करा देना ही शब्द का काम है। शुरू-शुरू में मनुष्य के आगे प्रकृति का रंग ढंग अजाना था। उसे वश में लाने की कोशिश करते-करते उसने बहुत कुछ जाना, सीखा। प्रकृति की बहुत-सी चीजें हिलती हैं। जैसे पशु, पंछी, मनुष्य। कुछ चीजें हैं जो नहीं हि...।

जैसे मिट्टी, पत्थर, गाछ की टूटी हुई डाल। कुछ चीजें कड़ी होती हैं, जैसे पत्थर, कुछ नर्म होती हैं, जैसे कीचड़, माटी।

सारी प्रकृति को एक रूप देखना नहीं, उनकी अलग-अलग चीजों को ठोक-बजाकर देखना, उनके हाव-भाव को गौर करना है। मान लीजिए, हम एक जंगल में बैठे। अन्दर जाते ही भक रह गए। देखा, मिट्टी को फोड़कर बाहर क्या सब तो कतार बांधे खड़े हैं। जो चीज देखने में इसी जैसी है, दूसरे जीवों से उसे अलग करते हुए उनका नाम रखा गाछ। गाछों पर भी गौर किया। देखा, यह गाछ एक से नहीं हैं। जो-जो एक से हैं उन्हें औरों से अलग वर्ग में रखकर सबका नाम रखा—सखुआ, ताड़, आम, बरगद, पीपल।

शब्दों से पहचान

चुनना और सजाना, चीन्हने और जानने की यही तरकीब है। चुन-चुनकर पेड़ों को ही देखा जाए, तो जंगल को नहीं देखा जा सकता। अलग-अलग पेड़ों को एक जगह मिलाने से जंगल के दर्शन होते हैं।

लेकिन चीन्हने और जानने का मतलब ही होता है दूसरों से उसे अलग करना। जिसे हम जान गए, वह और-और की जमात में मिल न जाए, इसके लिए उस पर अलग लेबिल लगाना जरूरी है। मगर यह लेबिल धारणा पर तो नहीं लगाया जा सकता। इसीलिए नाम के लेबिल से मजे में काम

शब्द की दिग्विजय

केवल वस्तु ही क्यों, वस्तु के रंग-ढंग चीन्हने के लिए भी नाम की जरूरत है। आदमी दौड़ता है, कुत्ता दौड़ता है, घोड़ा दौडता है—दौड़ने के भाव को आदमी, कुत्ता और घोड़ा से अलग करते हुए एक नाम दिया 'दौड़ना'।

वस्तु के साथ-साथ उनके गुण को भी जानना जरूरी है। कौन-सी वस्तु, कितनी वस्तु, पुरुष या स्त्री, किस हालत मे है—ये बाते शब्द से ही बनाई जा सकती हैं।

संसार मे वस्तु अनगिनती है, उनके भाव भी उसी तरह अनगिनती हैं। हर कुछ के लिए अगर अलग-अलग शब्द बनाए जाते, तो शब्दों का भी अंत नही मिलता। जैसे, लाल कुत्ता, काला कुत्ता, छोटा कुत्ता, बड़ा कुत्ता, बैठा हुआ कुत्ता, सोया हुआ कुत्ता—इन सबके लिए अगर अलग-अलग शब्द की जरूरत होती तो किस मुसीबत मे पडते आप ? लाल हो या काला, छोटा या बड़ा, सोया हो या बैठा। कुत्ता ही तो है आखिर। इसलिए कुत्ते के साथ लाल-काला, छोटा-बड़ा, सोया-बैठा लगाकर बहुत तरह के भाव बताए जा सकते हैं। इस तरह थोडे ही शब्दों से अनेक प्रकार के भाव बनाये जा सकते हैं और सारे संसार को कुछ ही हजार शब्दों मे मजे में बांध लिया जा सकता है।

शब्द की जड़ में

सभी भाषाओं में शब्दों की बंधी-बंधी एक संख्या होती है। इसी कारण भाषा सीख सकना सभव हुआ है।

ये शब्द आखिर आए कहां से ? एकबारगी शुरू में शायद लोगों ने पशु-पक्षी की बोलियों की नकल की थी। चूंकि कौआ कांव-कांव करता है, इसलिए उसी की नकल पर उसका नाम

काक पड़ा, झीं-झीं की आवाज से ही शायद झींगुर शब्द बना। जैसे छोटे बच्चे बिल्ली को 'म्याऊं, कुत्ते को 'भों-भों' और गीदड़ को 'हुआ हुक्का' नाम दे बैठते है।

लेकिन ऐसी नकल पर बने शब्द भाषा में बहुत थोड़े ही हैं। ज्यादातर शब्द लोगो ने जरूरत के मुताबिक गढ़ लिये है। उन शब्दो को जब समाज ने कबूल कर लिया, तभी उन्हें भाषा में स्थान मिला।

कुछ शब्द हैं, जो भाषा की बुनियाद है। इन्ही शब्दों के सहारे नए-नए शब्द बनाए जाते है। इन्हे शब्दो को मूल धातु कहते है। प्रत्येक मूल धातु किसी-न-किसी क्रिया का बोधक होता है। इन मूल धातुओ की परख करने से पता चलता है कि किस तरह काम से बात आई है।

काम से बात

मूल धातुओ से जिन कामो का बोध होता है, उनमे से हर काम समाज के उत्पादन के काम हैं। उन कामों से नई-नई धारणाओ की सृष्टि हुई है। अनेक शब्दो में उनकी छापपा ई जाती है।

जैसे, वेत्र। इसके पीछे संस्कृत का एक मूल धातु है—वे। वे का मतलब है बुनना। आदिम युग मे पेड़ो की डाल से गूंथकर घर का घेरा और छप्पर बनाया जाता था। बाद में मनुष्य ने इस ओर तरक्की की। वह सूत कातने लगा, कपड़े बुनने लगा, सिलाई करने लगा, ऊन का कुर्ता बुनने लगा। एक से दूसरे अनेक काम निकल आए।

'मर्' का मतलब होता है पीस डालना, घिसना, बुकनी बनाना। इससे बहुत से नए-नए शब्द बने—मृत्यु, मृत, मर्त्य, [illegible] —ए तो शब्दों का मेल [illegible]

शब्द की दिग्विजय

केवल वस्तु ही क्यों, वस्तु के रंग-ढंग चीन्हने के लिए भी नाम की जरूरत है। आदमी दौड़ता है, कुत्ता दौड़ता है, घोड़ा दौड़ता है—दौड़ने के भाव को आदमी, कुत्ता और घोड़ा से अलग करते हुए एक नाम दिया 'दौड़ना'।

वस्तु के साथ-साथ उनके गुण को भी जानना जरूरी है। कौन-सी वस्तु, कितनी वस्तु, पुरुष या स्त्री, किस हालत में है—ये बातें शब्द से ही बताई जा सकती हैं।

संसार में वस्तु अनगिनती हैं, उनके भाव भी उसी तरह अनगिनती हैं। हर कुछ के लिए अगर अलग-अलग शब्द बनाए जाते, तो शब्दों का भी अंत नहीं मिलता। जैसे, लाल कुत्ता, काला कुत्ता, छोटा कुत्ता, बड़ा कुत्ता, बैठा हुआ कुत्ता, सोया हुआ कुत्ता—इन सबके लिए अगर अलग-अलग शब्द की जरूरत होती तो किस मुसीबत में पड़ते आप ? लाल हो या काला, छोटा या बड़ा, सोया हो या बैठा। कुत्ता ही तो है आखिर। इसलिए कुत्ते के साथ लाल-काला, छोटा-बड़ा, सोया-बैठा लगाकर बहुत तरह के भाव बताए जा सकते हैं। इस तरह थोड़े ही शब्दों से अनेक प्रकार के भाव बनाये जा सकते हैं और सारे संसार को कुछ ही हजार शब्दों में मजे से बांध लिया जा सकता है।

शब्द की जड़ में

सभी भाषाओं में शब्दों की घटी-बढ़ी एक सहज होती है। इसी कारण भाषा सीख सकना संभव हुआ है।

ये शब्द आखिर आए कहाँ से ? एकबारगी शुरू में शायद लोगों ने पशु-पक्षी की बोलियों की नकल की थी। जैसे कौआ कांव-कांव करता है, इसलिए उसी की नकल पर उसका नाम

से लिये गए हैं। परन्तु, पक्षियों की बोली या चीज़ों के रूप और आवाज़ पर भी कुछ शब्द लिये है। ये भी देशज कहलाते है। जैसे, झरझर, खड़खड़ाना, धूमधाम, पेट, पगडी, धड़ाम, चोरन्ना।

विदेशी शब्द

इस के सिवाय हिन्दी मे बहुत से विदेशी शब्द भी आ मिले है। मुसलमानो के साथ इस देश मे अरबी, तुर्की और फारसी के बहुत से शब्द आए। पुर्तगाली और अग्रेजो के साथ भी उनके अनेक शब्द आए। अड़ोस-पड़ोस के प्रदेशो के शब्द हिन्दी मे मिलकर अपने-से हो गए है। जैसे,

अरबी के—अक्ल, इम्तहान, औरत, इन्साफ, ऐब, खबर दावत, सलाह।

तुर्की से—काबू, कुली, तोप, लाश, कैंची, कोतल ।

फारसी से—आदमी, आबादी, खरीद, कमर, चश्मा, साबुन हवा, हज़ार।

पुर्तगाली से—अग्रेज़, चा, चाबी, पलटन, पिस्तौल, कमरा। अलकतरा, अलमारी ।

अग्रेजी से—टिकट, टेबिल, रसीद, रबर, लालटेन, मील, इच, फुट, रेल, पतलून, स्लेट, पेंसिल, स्कूल, फीस ।

मराठी से—प्रगति, लागू, बाजू।

फ्रेंच से—कूपन, कारतूस।

बंगला से—गद्य, उपन्यास आदि।

इतना ही नहीं, हिंदी में बहुत से बाहरी प्रत्यय-उपसर्ग भी शामिल हो गए है। जैसे, फारसी का बे। बेहाथ, बेचारा, बेबस।

वर्ण (रंग) 'वर्' के मानी है ढंक देना । मूल धातु केवल उन्हीं बातों और अवस्था की बात बताते हैं, जिन्हें मनुष्य आंखों देख सकता है, कानों सुन सकता है, जिसकी गंध, स्पर्श और स्वाद का उसे पता रहता है। इन्हीं धातुओं से ऐसे-ऐसे भाव भी बनते है, जिनकी सिर्फ धारणा ही की जा सकती है । इस तरह भिगोना, चोट पहुंचाना, गलाना, मिलाना, मेल बैठाना आदि काम के शब्दों से हम मन के अनेक भावों को जाहिर कर सकते है। जैसे मन को गलाना, जी को चोट पहुचाना आदि । "अंश' से तेजी, जल्दी का भाव निकलता है । घोडा खूब तेज दौड़ता है, इसीलिए उसका नाम अश्व है । आंखों की नजर पैनी होती है, इसलिए इसे 'अक्षि' कहते है। 'दर' का मतलब चीरना या फाड़ना है । चीरा और फाडा जाता है, इसीलिए पेड़ों को द्रुम या दारू कहते हैं।

इसी प्रकार मूल धातुओं से नए-नए शब्द बनते है । साथ-साथ मनुष्यों के संपर्क से, लेन-देन से दूसरी भाषाओं के भी बहुत से शब्द आ जाते हैं।

हिंदी के शब्द

हिंदी में विशेष रूप से तीन तरह के शब्द मिलते हैं, तत्सम, तद्भव और देशज । जो शब्द सीधे सस्कृत से आए हैं और हिंदी में भी ज्यों-के-त्यों रह गए हैं, वैसे शब्द तत्सम कहलाते हैं। जैसे, मन, बल, दिन, कवि, शीत, राजा।

तद्भव शब्द वे हैं, जो मूल मे हैं तो सस्कृत के, पर हिंदी में कुछ बिगड़े रूप में चल पड़े हैं। जैसे काज (कार्य), सूखा (शुष्क) दूध (दुग्ध), रात (रात्रि), आग (अग्नि), सब (सर्व)।

और देशज शब्द वे हैं, जो यहां के आदिम निवासियों की बोली

भाषा की बनावट के माल-मसाले ये शब्द ही हैं। लेकिन इन शब्दों को पास-पास रखते जाने से ही क्या भाषा बन जाती है?

शब्दों में संबंध

मान लीजिए, एक के बाद दूसरा, इस तरह हम बहुत-से शब्द रखते चले जाए—'और धुनि बहु, दादुर सुहाई वेद जनु बटु पढ़ें।' कुछ आया समझ मे। साफ नही आया होगा। हंसी छूट रही होगी।

अब उसे ढंग से सजाकर कहें—

> दादुर धुनि चहु ओर सुहाई,
> बेद पढ़ें जनु बटु समुदाई।

समझने मे अब तो कोई दिक्कत नही रहनी चाहिए।

सजाने का मतलब ही है एक से दूसरे का संबंध ठीक करना। *एक से दूसरे शब्द का संबंध जोड़ने से वाक्य बनता है।* मैं यदि कहूं—मुझे अपनी लाल पेंसिल दीजिए—तो इसका मतलब हुआ संपर्क मे आना। लेकिन आपके संपर्क मे इस तरह आने के लिए यह जरूरी है कि हम, आप, पेंसिल, लाल, देना, इन अलग-अलग शब्दों का आपसी संपर्क ठीक किया जाए। शब्द पास-पास किस हिसाब से बैठाये जाए, यह व्याकरण बताता है। भाव ज़ाहिर करने के लिए शब्दों को व्याकरण की हुकूमत माननी पड़ती है। व्याकरण भाषा की बागडोर है।

संसार के सभी लोग एक ही भाषा नही बोलते। एक से दूसरी भाषा का फर्क होता है। हिन्दी मे हम कहते हैं—मुझे अपनी लाल पेंसिल दीजिए। लेकिन यही कहना हो तो अंग्रेजी मे कहना पड़ेगा 'दो मुझे अपनी लाल पेंसिल'।

पी—पी आदमी। अंग्रेजी का हेड—हेड पंडित। यह तो हुआ उपसर्ग यानी शब्द के पहले जुड़ने वाला। प्रत्यय भी हैं। जैसे फारसी का बाज—हवाबाज। मुकबाज। गिरी—बाबूगिरी, किरानीगिरी। खाना—मालिखाना। हर्जाना।

अर्थों में हेर-फेर

जिस तरह भाषा में नित नए-नए शब्द आकर मिलते-रहते हैं, उसी तरह पुराने शब्दों के नए-नए अर्थ भी सामने आते हैं। जैसे, दारुण शब्द को लीजिए। शुरू में इसका अर्थ दारू यानी लकड़ी का बना हुआ था। उसके बाद हुआ काठ की बनी चीज जैसा कठोर और फिर हो गया 'बहुत ही कठिन'। बंगला में तो अब इसका प्रयोग केवल 'अत्यन्त' के अर्थ में होने लगा है और लोग 'दारुण अच्छा लगा' तक का प्रयोग कर लेते हैं। साढ़े तीन हजार साल पहले ईरान मे 'दईव' शब्द का मतलब था देवता; बाद मे वह अर्थ एकबारगी उलट गया। हो गया राक्षस, दैत्य; ग्रीक 'देमन्' शब्द का भी ठीक यही हाल हुआ। उसका भी अर्थ 'देवता' ही था, पर ईसाई प्रचारकों के लिए अखीर में वह राक्षस हो गया।

इससे एक बात समझ मे आती है कि मनुष्य ही कुछ बनात है और फिर वही उसे तोड़ता है।

जब कोई आपसे कहता है, आपमें बहुत-से गुण हैं, तो आप को खुशी होती है। किंतु इस गुण की बुनियाद में जो 'गो' श है, उसके मानी हैं गाय। यह समझ लेने के बाद गुण की च पर आपको रंज हो सकता है। मगर रंज का कोई लाभ नहीं 'गो' से निकलने के बावजूद आज 'गुण' शब्द का गाय-बैल कोई सम्बन्ध नहीं रह गया है।

से मलाया की भाषा की जो समानता देखने को मिलती है, उससे बिना किसी संदेह के यह समझा जा सकता है कि कभी मडागास्कर से दक्षिण-पूर्व एशिया का सरोकार रहा था।

लेकिन ऐसे ग्रासार से यह नही कहा जा सकता कि दोनों की भाषाओं का भी संबध रहा था। इंदो-यूरोपीय भाषाओं में लिंग का फर्क मिलता है। इसी तरह प्रशांत महासागर के उपकूल की भाषाओ मे भी वह भेद है। अलग-अलग विकसित होने के बावजूद भाषाओ में किसी-किसी बात में समानता पाई जा सकती है। लेकिन इसी बिना पर यह हर्गिज़ नही कहा जा सकता कि सारी भाषाए शुरू मे एक ही थी।

ज़िंदगी की छाप

भाषाओ मे बीते दिनो का बहुत इतिहास छिपा रहता है। मसलन हिंदी शब्द को ही लीजिए। इसका पुराना नाम हिंदवी या हिंदुई है। हिंदुई यानी हिंदुओ की भाषा। पांच हजार साल पहले की एक पारसी धर्म-पुस्तक 'दसा तीर' मे लिखा है—'अकनूं बिरहम ने व्यास नाम अज हिंद आमद बसदाना के अकल चुनेनास्त।' यानी व्यास नाम का एक ब्राह्मण हिंद मे आया है, जिसके समान कोई पंडित नही। यह हिंद शब्द सिन्धु का बिगडा हुआ रूप है। ईरानी भाषा मे 'स' का 'ह' उच्चारण करते है। इस तरह देश का नाम हिंद, यहा के निवासियो का नाम हिन्दी या हिंदू और यहा की भाषा का नाम हिंदुई या हिन्दी बहुत पहले से है।

हजारों-हजार साल पहले लोगों की ज़िदगी का रंग-ढंग और आचार-विचार कैसा था, इसके नज़ीर भाषा मे ही ढूंढ-कर पाए जा सकते हैं। हमारी भाषा मे 'गो' शब्द की भरमार है। गोत्र, गुरु से लेकर बहुत कुछ मे गाय-बैल विराजमान है।

भाषाओं की रिश्तेदारी

शब्द और व्याकरण के लिहाज से भाषाओं में जैसे फर्क पड़ता है, वैसे ही उनमें बहुत बातों में समानता भी होती है। जिन पुरानी भाषाओं से आज की भाषाएं बनी हैं, उनके आपसी संबंध को देखते हुए उन्हें एक-एक गोष्ठी में रखा गया है।

इसे भाषा का वंश-परिचय कहते हैं। संस्कृत, अवेस्ता, लैटिन, आर्मेनीय, पुरानी फारसी, पुरानी ग्रीक, पुरानी स्लाव, पुरानी केल्टिक, पुरानी जर्मन—इन सभी भाषाओं को एक गोष्ठी में रखा गया है और इसका नाम दिया गया है इंडो-यूरोपीय। इस के सिवाय भी कई और भाषा-गोष्ठी हैं। जैसे, सेमीय-हामीय, बंटू, फिन्नो, फिन्नो-उग्रीय, तुर्क-मंगोल-मांचू, काकेशीय, आस्ट्रीय, भोट-चीनी, उत्तर-पूर्व-सीमांत, द्रविड़, एस्किमो और अमरीका की आदिम जातियों की भाषा-गोष्ठी।

कुछ ऐसी पुरानी भाषाएं हैं, जिन्हें किसी गोष्ठी में शामिल नहीं किया गया है जैसे, मेसोपोटामिया की सुमेर भाषा, पश्चिम ईरान के सुषा इलाके की भाषा एलेमी, पूर्वी मेसोपोटामिया के खास इलाके की भाषा मितान्नी, क्रीट द्वीप की पुरानी भाषा, इटली की पुरानी भाषा। कुछ आज की नई भाषाएं भी हैं, जो किसी गोष्ठी में नहीं पड़ती। जैसे, फ्रांस और बीच की पिरेनिज पर्वतमाला के पश्चिम की भाषा बास्क, [illegible] अफ्रीका की बुशमैन और हटेनटट, जापानी, [illegible] आस्ट्रेलिया की पुरानी भाषाएं।

समानता और असमानता

भाषाओं की समानता को देखते हुए [illegible] सकता है कि कभी इनमें संबंध रहा था।

हैं। पास ही पूर्व आकाश की ओर इशारा करती हुई पेड़ की एक बड़ी डाल पड़ी है। उसके पास पांच ताज़े पत्ते पड़े हैं—पत्तों के साथ घोड़े की दुम के छः बाल धरे हैं। उन बालों में हिरन के कुछ रोयें चिपके हैं।

इन निशानों का क्या समझा जाए? चार शिकारियों के एक गिरोह को पांच दिन पहले सवेरे दक्खिन की ओर जाते देखा है। उनके पास छः घोड़े थे। वे हिरन मारकर ले गए।

लिखकर बताने के बजाय ऐसे कुछ निशानों से अपने को ज़ाहिर करने का तरीका आज भी अमरीका के किन्हीं-किन्हीं आदिवासियों में चलता है, लेकिन जिन्हें इन[चिन्हों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, वे इनका कोई मतलब ही नहीं समझ सकते।

चित्र बनाना

निशानों से तो चित्र बनाकर कुछ बताना बहुत आसान है। चित्रों से जो कोई भी मतलब निकाल सकता है। इसके

इससे सहज ही अनुमान किया जा सकता है कि कभी हमारे यहां पशु-पालन की प्रधानता थी ।

भाषा समाज को कायम रखती है, एक से दूसरे मनुष्य को मिलाती है । भाषा के आधार पर समाज भी आगे बढ़ता है। समाज पर भाषा अपनी छाप छोड़ा करती है ।

लिखावट

'दसेक दिन बाद हमारे यहां खान-पान का आयोजन है । उसमें आप शामिल हों, तो मुझे बड़ी खुशी होगी ।' मगर जिसे यह लिखा जाएगा, वह अगर काला अच्छर भैंस बराबर हो, तो न्योते का कोई मतलब ही नहीं निकलता । ऐसे को तो एक रस्सी में दस-ग्यारह गिरह लगाकर भेज दिया जाए और कह दिया जाए, रस्सी की एक गांठ रोज खोला कीजिए । जिस दिन आखिरी गांठ खोलें और खोलने को गांठ बाकी न बच जाए, उस दिन सीधे दावत वाले के यहां जा धमकिए ।

निशान

दावत की बात जाने दें । मान लीजिए, हम-आप किसी जंगल में तंबू ताने शिकार को पड़े हैं । अचानक कोई जरूरत आ पड़ी । मुझे हफ्ते-भर के लिए शहर जाना पड़ा । जाते समय कह गया, मेरे लौटने के पहले अगर आप कहीं जाएं तो बताते जाएं कि इस बीच वहां और कोई शिकारी तो नहीं आए हैं । कहीं जाना भी हो तो, शाम तक तंबू में जरूर वापस आ जाएं ।

मैं शहर से लौटा । पाया, आप नहीं हैं । तंबू के आगे माटी में चार तिनके गड़े हैं । तिनके दक्खिन की ओर थोड़ा झुके-से

बनाया गया है। (६) १८२४—सरदार के घोडे मारे गये। (७) बाढ के पानी में लोग बह गये। (८) १८४८—भाले से एक आदमी मारा गया। (९) १८५३—स्पेन से कंबल पहुंचे। (१०) १८६९—पूर्ण सूर्य ग्रहण।

तसवीर की लिखावट

चित्र बनाकर समझाने में भी कठिनाई है। किसी ने मछली पकड़ी, पकाई और खाई—इतनी-सी बात समझाने के लिए तीन बार तीन प्रकार से आदमी का चित्र बनाया होगा। इसी तरह अगर यह दिखाना हो कि समुद्र में नाव पर कुछ लोग बैठे हैं, तो यह दिखाना होगा कि समुद्र है, नाव है, नाव में लोग बैठे हैं। चित्र मे ये सारी बातें यानी नाव, पानी, लोग अलग-अलग नही दिखाई जा सकती।

लिए निशानों का खास मतलब पहले से जान रखना जरूरी नहीं है। ऊपर उत्तरी अमरीका के आदिवासियों की बनाई एक तसवीर है।

इस चित्र में एक स्मरणीय घटना की कहानी है। इसमें बताया गया है कि पांच डोंगियां चलीं। पहली डोंगी में सोलह, दूसरी में नौ, तीसरी में दस और चौथी-पांचवी में आठ-आठ आदमी थे। जिस पर जितने आदमी थे, उतनी लकीरें खिंची हुई हैं। दल का सरदार मछरंगा दल का आदमी था, इसीलिए उसकी डोंगी के ऊपर मछरंगा की तसवीर बनी है। इस सफर में उन्हें तीन दिन लगे थे—धनुष-जैसी तीन झुकी लकीरों के नीचे तीन काली बिंदियों से सूरज का इशारा किया गया है। बीच में जो घुड़सवार है, वह जादू जानने वाला है। वह भी साथ गया था। कछुए के चित्र से यह दिखाया गया है कि सब लोग सकुशल किनारे पहुंच गये थे। बाईं तरफ एक गिद्ध है। वह साहस का लक्षण है और नीचे जो अजीबोगरीब जीव हैं, वे सब उस दल के मददगार थे।

चित्र मे बताया तो बहुत कुछ गया है, पर सब स्पष्ट नहीं हो सका है। यह नहीं समझ मे आता कि वह घुड़सवार डोंगी वालो का संगी कैसे हुआ।

ऐसी एक और तसवीर देख लें—

यह १८०० से १८७० तक की बरस-पंजी है। उस समय के गोष्ठी-जीवन में जो याद रखने लायक घटनाएं गुजरी सब इन चित्रों में अंकित हैं। (१) गिरोह के तीस आदमी दूसरे गिरोह के हाथों मारे गये—१८००। (२) १८०१—चेचक का प्रकोप। (३) १८०२—नाल-बंधा घोड़ा चोरी चला गया। (४) १८१३—(हूपिंग) बंदरखांसी का जोर (५) १८१७—सूखी लकड़ी से धमंगोला

जो आंखो नहीं देखी जा सकती, जिनकी कोई शक्ल नहीं होती, उनकी तसवीर कैसे बनाई जाए ? मसलन, पकड़ना, रसोई बनाना, खाना, पतला, मोटा, मस्त, नर्म, भविष्यत, भाग्य— इनमें से कुछ तो काम हैं, कुछ हैं गुण और कुछ हैं धारणा। इनकी कोई शक्ल नहीं होती। इसलिए अगर इन्हें तसवीरों में बताना पड़े, तो सब की कोई-न-कोई मनगढ़ंत तसवीर ठीक कर लेनी पड़ेगी।

नीचे की तसवीरों में गौर कीजिए, आज से कोई चार हजार साल पहले मेसोपोटामिया में ऐसे भाव तसवीर में किस तरह बनाए जाते थे—

नं० १ में महीना बताया गया है। चौकोर-सा जो बना है, वह है सूर्य। उसके भीतर का एक-एक निशान एक दिन का द्योतक है। इसलिए वह जितने दिन बताता है। दूसरी तसवीर में एक पैर पर खड़े होने का भाव बताया गया है। नं० ३ में 'चीरना' बताया गया है। और चोंटे से ऊपर बताया गया है।

लेकिन जब तसवीर नहीं खींची जाती, उसे लिखने के काम में लगाया जाता है, तो पकड़ना, रसोई करना, खाना-पीना, इन सबसे आदमी को अलग किए बिना चारा नहीं। सिर्फ आदमी की एक तसवीर रहेगी। तसवीर को देखते ही लोग समझ जाएंगे, यह आदमी है। वह क्या कर रहा है, क्या नहीं, यह सब जानने की जरूरत नहीं। वैसे ही, मछली का चित्र होगा, तो लोग समझ जाएगे।

इससे यह न समझें कि मछली की हूबहू कोई तसवीर बनानी है, जैसे-तैसे लकीरों से समझा भर देने से काम चल जाएगा। मछली की शक्ल कैसी हो, मामूली तौर से यह भी बता देना जरूरी है, नही तो जो जैसा चाहेगा, बना देगा। इससे समझने मे दिक्कत होगी। अलग-अलग देशों में मछली की कैसी-कैसी तसवीर अंकित मिली है, उसके नमूने नीचे हैं।

पहली पंक्ति की तसवीरें एक-बारगी आदिम युग की है। मछली का ढांचा साफ झलकता है। लेकिन बाद में तसवीरों की लिखावट में मछली की जो शक्ल निखरी है, उससे मछली की शक्ल का कोई मेल ही नही है।

धारणा की तसवीर

आदमी, मछली—ये चीजें तो आंखों देखी जा सकती हैं। इसलिए इन्हें चित्रों में आंकना मुश्किल काम नहीं है। लेकिन

बातों के लिखित रूप देखिए,

न० १ की तसवीर का मतलब है सवेरा। एक सरल रेखा के ऊपर चौकोना सूरज है, सूरज क्षितिज पर उगा है। न० २ का अर्थ है 'शब्द', नीचे का चौकोर मुह का बोधक है, ऊपर की आडी रेखा मुह से बात निकलने का आशय जाहिर करती है। न० ३ मे एक साथ दो तसवीर हैं। इनसे 'खुशी' बताया गया है। पहली तसवीर 'मा' है, दूसरी 'शिशु'। मा के पास सतान—यह दिखाकर सुख के भाव को जाहिर किया गया है। न० ४ मे भी जोडा चित्र है, जिससे मुकदमे की बात बताई गई है। इस चित्र के तीन हिस्से है; पहले और तीसरे—दोनो ही हिस्से का मतलब कुत्ता है। उन दोनो के बीच छोटे मे नं० २ वाली तसवीर आंकी गई है, यानी शब्द बनाया गया है। मानो मामला-मुकदमा दो कुत्तो की आपसी लडाई हो!

तसवीर के साथ आवाज

अब तक शब्दहीन तसवीरो की ही चर्चा होती रही। जब तक तसवीरों के साथ शब्दो का कोई नाता नही था, तब तक लिखावट भाषा से अलग चीज रही थी।

लेकिन जो बाते तसवीरों मे आंकी जाती थी, उन्हें लोग जबान से भी निश्चय ही जाहिर कर सकते थे। जैसे, कोई भी

इस तरह के भाव मिस्र में कैसे बनाए जाते थे, सो नीचे की तसवीर में देखिए—

नं० १ में आंख से आंसू गिर रहा है यानी रोना बताया गया है। दूसरे में कलम के साथ धागे में दवात बंधी है यानी लिखने का इशारा है। नं० ३ में बत्तख है। बत्तख से बच्चे का मतलब हुआ। बत्तख सुस्वादु भोजन है, इसलिए उससे यह बताया गया है कि तब मां-बाप के लिए बच्चे कितने प्रिय थे। नं० ४ में मधुमाछी से 'राजा' बताया गया है। पुराने मिस्र मे राजे-रजवाड़ों को लोग किस नजर से देखते थे, यह पता चलता है। राजा की ताकत और उसके अधिकार को तब के लोग उतना महत्व शायद नहीं देते थे, क्योंकि ऐसा होता तो बाघ-सिंह की तसवीर से 'राजा' का संकेत दिया जाता। लेकिन राजा को 'मधुमाछी' से बताया गया है—यानी उनकी संगठन-शक्ति को अहमियत दी गई है।

चीन की लिखावट मे चित्रों की छाप आज भी रह गई है। आज जैसे निशान वे बनाते है, उनसे यह समझना मुश्किल है कि वे चित्र किस चीज़ के है, मगर उन निशानों के मतलब से मालूम हो जाता है कि वे चित्रों से कैसे बने। नीचे ऐसी चार

बातों के लिखित रूप देखिए,

नं० १ की तसवीर का मतलब है सवेरा। एक सरल रेखा के ऊपर चौकोना सूरज है, सूरज क्षितिज पर उगा है। नं० २ का अर्थ है 'शब्द'; नीचे का चौकोर मुंह का द्योतक है, ऊपर की आड़ी रेखा मुंह से बात निकलने का आशय जाहिर करती है। नं० ३ में एक साथ दो तसवीरें हैं। इनसे 'खुशी' बताया गया है। पहली तसवीर 'मां' है, दूसरी 'शिशु'। मां के पास संतान—यह दिखाकर सुख के भाव को जाहिर किया गया है। नं० ४ में भी जोड़ा चित्र है, जिसमें मुकदमे की बात बताई गई है। इस चित्र के तीन हिस्से हैं, पहले और तीसरे—दोनों ही हिस्से का मतलब कुत्ता है। उन दोनों के बीच छोटे में नं० २ वाली तसवीर खड़ी की गई है, यानी शब्द बताया गया है। मानो मामला-मुकदमा दो कुत्तों की आपसी लड़ाई हो!

तसवीर के साथ आवाज

अब तक शब्दहीन तसवीरों की ही चर्चा होती रही। जब तक तसवीरों के साथ शब्दों का कोई नाता नहीं था, तब तक लिखावट भाषा से अलग चीज रही थी।

[illegible] तसवीरों में बातें आने लगीं, उन्हें बोल [illegible]
ज [illegible] भी जाहिर कर सकते थे। जैसे कोई भी

बात बतानी हो, तो दो तरह से बताई जा सकती है—लिखकर यानी तस्वीरों से और बोलकर यानी शब्दों से।

शुरू में तसवीर और आवाज अलग-अलग थी। बाद में धीरे-धीरे चित्र से आवाज बताई जाने लगी। जैसे, एक ओर दो लकीर हों और उनके पास घड़ी रखी हो—ऐसी एक तसवीर रहे, तो लकीरों से दो तथा घड़ी से पहर का अर्थ होगा—यानी उसका मतलब होगा दोपहर। यहां पर दो तसीवरों के दो शब्द हुए। दोनों को जोड देने से जो मतलब निकलता है, उससे तसवीरों का कोई संबध ही नही झलकता।

मिस्र मे बहुत पहले इसी तरह तसवीरों से आवाज समझाई जाती थी।

ऊपर के चित्र मे नं० १ से मतलब है मुह का। मुह को कहा जाता था 'र'। लिहाजा 'र' बताने के लिए ऐसी एक तसवीर बना देने से काम चल जाता था। उस चित्र का और कोई अर्थ नहीं रहा, वह केवल 'र' आवाज़ की तसवीर हो गई। दूसरी तसवीर कान की है, लेकिन चूकि मिस्र की भाषा में कान को 'सदम' कहा जाता था, इसलिए उससे सिर्फ 'सदम' की आवाज का मतलब बताया गया है। नं० ३ तसवी बया चिड़िया की है। बया को मिस्री भाषा मे 'उर' कहते थे। चित्र से वही 'उर' बताया गया है।

मेक्सिको के अजटेकों की लिखावट में लेकिन कुछ फर्क पाया जाता है। नीचे तीन चित्र हैं, उन्हें देखिए। तीनों ही चित्र शहरों के नाम हैं।

१ और २ नं० के चित्रों के ऊपरी हिस्से में हिरन की तसवीर है—नीचे के हिस्से मे दांत की। अजटेक लोग हिरन को 'मजातूल' और दांत को 'लातलि' कहते है। लेकिन शहर का

नाम दोनों शब्दों को पूरा जोडकर नही बना है। पहले शब्द से लिया गया 'मजा' और दूसरे से लिया गया 'तलान' और दोनों के मेल से 'मजात्लान शहर का नाम बन गया। दूसरे ढग से भी शहर का नाम बना है। न० ३ तसवीर मे 'कोम्रातेपेक' शहर बताया गया है। सांप को कहते है 'कोम्रात्ल' और साप के नीचे है पहाड। पहाड हुआ 'तेपेक'। पहले शब्द से सिर्फ 'कोम्रा' लिया गया और दूसरा शब्द पूरा का पूरा ले लिया गया। इस तरह बन गया कोम्रातेपेक।

लिपि-पाठ

आदमी की सभ्यता की एक निशानी लिखना सीखना है। मन के भावों को हरूफो मे बांध रखना। इसी के बल पर आदमी इतना आगे बढ सका है।

लिखावट धीरे-धीरे आगे बढती रही है। पहले चित्र था बाद में हुए हरूफ—अक्षर। इन दोनों मे समानता कहां है? दोनों के लिए निशान की जरूरत पड़ती है। निशान के बगैर तसवीर

भी नहीं हो सकती, हरूफ भी नही। इसलिए निशान के छोर पकड़कर चलने से ही लिखावट की राम कहानी जानी जा सकती है।

पुरानी लिखावट के बहुत सारे नमूने भूमध्य सागर के इलाके में पाए गए हैं—मिस्र, सुमेर, हिटाइट, क्रीट के हरूफ। इसके सिवाय सिंधु की उपत्यका, चीन, प्रशांत महासागर के ईस्टर-द्वीप, मेक्सिको और मध्य अमरीका में भी वैसे नमूने पाए गए हैं।

मान लीजिए, माटी के अंदर से कई हजार साल पहले की कोई लिखावट बाहर निकाली गई। अब उसे पढा कैसे जाए? उसे पढ़ने के लिए कोई ऐसा एक शब्द जान लेना पड़ेगा, जो उस अजानी लिपि में जरूर ही है। वह शब्द अगर किसी चीज़ का नाम हो तो ज्यादा अच्छा हो। क्योंकि नाम ऐसी चीज है कि एक से दूसरी भाषा में जाकर भी बहुत ज्यादा नही बदलता। मगर ऐसा नाम मिले तो कैसे? खैर, हम यह देखें कि मिस्र की पुरानी लिखावट पढी कैसी गई थी।

मिस्र की लिखावट खोजकर पाई तो गई थी बहुत पहले पर काफी लंबे अरसे तक कोई उसे पढ नही सका। लेकिन एकाएक एक जगह एक ऐसा पत्थर पाया गया, जिसमें एक ही बात ग्रीस और मिस्र के हरूफ मे लिखी हुई थी। उससे मिला-जुला कर मिस्र की पुरानी लिखावट में से टालेमी शब्द ढूँढ़ निकाला गया।

इससे यह जाहिर होता है कि एक ही बात अगर दो भाषाओं में लिखी मिल सके, तभी अनजानी लिपि को पढ सकना मुमकिन है। चूंकि यह उपाय नहीं मिल सका, इसीलिए संसार की

बातें

बहुत-सी पुरानी लिपियों को आज तक नहीं पढ़ा जा सका। जैसे क्रीट या सिंधु की उपत्यका की लिपियां।

हरूफ से पहले

क्रीट की सबसे पुरानी लिपि कोई चार से पांच हज़ार साल पहले की है। उसमें चित्रों के ज़रिये भावों को ज़ाहिर किया गया है। लेकिन वहां बाद की एक ऐसी लिपि पाई गई है, जो सीधी या टेढ़ी लकीरों से लिखी गई है। उन सीधी-टेढ़ी लकीरों से तरह-तरह की आवाज़ बताई गई है, इसमें कोई संदेह नहीं।

तीन चार हज़ार साल पहले एशिया में ताहिनी लोगों का बड़ा दबदबा था। इसके लिखित प्रमाण हैं कि उनसे असीरिया और मिस्र के लोगों का लेन-देन चलता था। असीरिया वालों से उन्होंने एक प्रकार का नुकीला हरूफ लिखना सीखा था। चित्र बनाकर भाव बताना ही उनकी अपनी लिखावट थी। ऐसी लिखावट वे स्मृति-स्तंभ के लिए पत्थर या धातु पर लिखा करते थे। हरदम लिखने के लिए असीरिया वाली लिपि काम में लाया करते थे।

नुकीले हरूफ

हरूफ निकलने के पहले मध्य पूर्व की ज़्यादातर लिपियां खंती से लिखी हुई-सी पाई जाती हैं। लिखने का यह ढंग सुमेर वालों से आया था। आज से कोई पांच हज़ार साल पहले सुमेर के लोगों में लिखने का यही ढंग था। उनमें पहले दो तरह की लिखावट चालू थी—(१) पत्थर पर खोदी जाने वाली चित्र-लिपि, (२) मिट्टी पर सीधी-टेढ़ी लकीरों वाली लिपि। मिट्टी पर लकीर खींच-खींचकर लिखना सहज नहीं। इसमें समय भी ज़्यादा लग जाता। सो लिखावट में चित्र का भाव धीरे-धीरे घटने लगा।

बाद में मिट्टी के फलकों पर लिखे जाने पर भी लिखने का ढंग गलो-अंगा बदल गया। उसमें से चित्र का भाव घट गया और वह निशान रह शब्दों के चिह्न हो उठे। उससे एक और भी सहूलियत

प्राचीन चित्रलिपि | बाद का रूपान्तर | प्राचीन बाबिलोनीय | असीरीय

पानी

मछ

साँड़

सूर्य, दिन

दाना, खाओ

हुई। सहूलियत यह हुई कि आसानी से जल्दी-जल्दी लिख सकना संभव हुआ। आज जैसे कागज पर लिखा जाता है, उस ज़माने में माटी पर लिखा जाता था। लिखने के लिए खास तरह की कलम काम में लाई जाती थी। हरूफों में इसीलिए कोन-नुमा ढंग आने लगा। माटी पर टेढ़ी लकीरें काटना कठिन था, इसलिए सिर्फ सीधी रेखाओं से ही लिखा जाने लगा। इसी की नकल पर पत्थर पर भी इस ढंग की लिखावट शुरू हुई।

लेकिन चित्र-नुमा ढंग जो एकबारगी उठ ही गया, ऐसी बात नहीं। शब्दों के अर्थ के लिए बहुत जगह शब्द के साथ

चित्र भी जोड़ दिया जाने लगा। जैसे, मरे हुए के नाम के आगे बहुत बार हम लोग स्वर्गीय लिखने के बजाय * ऐसा एक चिह्न लगा दिया करते है। पढते समय इस चिह्न के उच्चारण की जरूरत नहीं होती, जैसे हम विराम, पूर्णविराम आदि चिह्नों को पढते समय नही पढा करते। सुमेर वालो की लिखावट में ऐसे चिह्न देवता, आदमी, देश, शहर, नदी, पेड और पहाड के नामो के साथ लगाए जाते थे। मान लीजिए, हमने सरस्वती लिखा। यह सरस्वती तो देवी का भी नाम हो सकता है। किसी स्त्री या नदी का भी नाम हो सकता है। समझने मे कोई गडबडी न हो, इसीलिए वैसा चिह्न लगा दिया जाता था।

ऊपर के चिन्हो मे न० १ देवता का चिन्ह है, न० २ मे 'अ' शब्द बताया गया है, न० ३ मे 'सुर' शब्द समझाया गया है; ४ न० मे देवता-सूचक चिन्ह के पास असीरिया के ढग पर 'असुर' शब्द लिखा है। असीरिया मे लेकिन 'असुर' के मानी देवता है।

मिस्र शब्द

आज से कोई साढे चार हजार साल पहले चीन में लिखने

का ईजाद हुआ था। हड्डियों पर लिखावट के जो सबसे पुराने नमूने पाए गए हैं, वह बेशक उतना अधिक पहले का नही है। उन हरुफों से ऐसा लगता है कि चीन मे भी लिपि का विकास दूसरी-दूसरी लिपियों की तरह ही हुआ है। वहां भी चित्र की जगह आवाज़ आ बैठी थी।

लेकिन चीनी भाषा है ही कुछ इस तरह की कि उसमें तरह-तरह की आवाज देकर ज्यादा शब्द तैयार नहीं किये जा सकते। इसलिए एक ही शब्द के कई अर्थ होते हैं। सो अलग-अलग मतलब जताने के लिए शब्दों के साथ अलग-अलग चिन्ह लगाने की जरूरत पड़ती है। आवाज़ के साथ ऐसे चिन्ह देकर मिश्र शब्द लिखे जाते हैं। चीनी भाषा में सैकडे नब्बे शब्द ऐसे मिश्र शब्द होते हैं।

जैसे, 'फंग' एक शब्द है। इसके साथ अलग-अलग चिन्ह लगा देने से उच्चारण तो यही रहेगा, पर अर्थ एकबारगी बदल जाएगा। 'फंग' का मतलब चोखूटा है। अगर उसके साथ मिट्टी का चिन्ह लगा दें, तो मतलब निकल आएगा, 'रास्ता'। और अगर 'फंग' के आगे बात का चिन्ह जोड़ दें तो अर्थ हो जाएगा—खोज-खबर लेना। उसी 'फंग' के आगे स्त्री का चित्र बना दें तो 'बाधा देने' का अर्थ निकलेगा। चिन्ह गूंगे होते हैं, लेकिन शब्द बोलते हैं। इसलिए 'फंग' कहें तो समझना मुश्किल है। उसे लिखा जाए तो अर्थ स्पष्ट हो जाता है।

चीनी भाषा में शब्दों के उच्चारण बहुत बदल गए हैं, मगर लिखावट की शक्ल वैसी ही रह गई है। किसी एक शब्द का उच्चारण कोई कुछ करता है, कोई कुछ। इसलिए अगर उत्तर और दक्खिन चीन के लोग आपस में बातें करें, तो एक-दूसरे

की बात नही समझ सकते। लेकिन एक आदमी लिखे तो दूसरे को समझ लेने में कोई दिक्कत नही पड़ती।

मिस्र के चित्र-अक्षर

मिस्र की बहुत पुरानी लिखावट के जो नमूने पाए गए हैं, वे आज से लगभग छः हजार साल पहले लिखे गई थी। पहले तसवीर बनाकर भाव बताने का रिवाज था। यादगार के खंभे, वस्त्र और घर-द्वार-संबंधी महत्त्व के कागजात रखने और धार्मिक कार्य के लिए पत्थर या काठ पर खुदाई करके लिखा जाता था। कभी-कभी कलम और स्याही से कागज पर भी लिखा जाता था। कागज पेपिरस पेड के पत्तो का बनता था।

हरदम लिखने के लिए खूबसूरत तसवीर बना-बनाकर लिखना संभव नही। इसलिए लिखने का ढंग बदलकर सहज होता गया। पिछले पन्ने पर मिस्र के ढंग से मछली किस सहज ढंग से लिखी गई है, इसका नमूना है।

धीरे-धीरे चित्र के साथ शब्द जोड़ा जाने लगा, कहीं-कहीं चिन्ह देकर कुछ व्यंजन वर्ण बनाए गए। ऐसे चौबीस चिन्ह तैयार हुए थे। हरूफ बनाने के माल-मसाले मिस्रवालों के हाथों थे, फिर भी वे चित्र, शब्द और अक्षर का व्यवहार साथ-साथ ही चलाते गए।

हरूफ को अंग्रेजी में 'अलफाबेट' कहते हैं। यह शब्द ग्रीक भाषा से आया है। ग्रीक भाषा के पहले दो अक्षरों के नाम है—अलफा और बेटा। लेकिन यह नाम उनका भी अपना नही है। ग्रीकों के ये दो नाम सेमाइट लोगो से मिले। सेमाइट के पहले दो अक्षरो के नाम 'अलेफ्' और 'बेथ्' हैं।

ग्रीक लोगों ने फिनिशियनों के मारफत सेमाइटों से ही हरूफ लिखना सीखा था। संसार में सबसे पहले सेमाइटों ने ही अक्षर से अक्षर मिलाकर लिखना सीखा था। चिन्हों में चित्रों का संबंध एक बार भी हटा कर उसकी जगह उन्होंने शब्द की ध्वनि को ला बैठाया था।

उनके हरूफ में लेकिन एक असुविधा यह थी कि उसमें कोई स्वर वर्ण नहीं था। इसलिए ग्रीकों ने सेमाइटों के कई व्यंजन वर्णों को स्वर वर्ण बना दिया। इस तरह 'ए' 'इ' 'आइ' 'ओ' यू' पैदा हुआ।

पुराने भारत ने भी लिखावट में सेमाइट ढंग को अपनाया था, उसीसे खरोष्ठी और ब्राह्मी लिपि निकली। इसी ब्राह्मी लिपि से आजका देवनागरी हरूफ बना। सेमाइटों के हर व्यंजन वर्ण में एक 'अ' मिलाकर भारतीय लिपि में सुविधा को आँमान किया गया। इस ढंग से 'प्' प हो गया, 'ब्' ब हो गया। आकारादि दूसरे स्वर वर्ण के चिन्ह व्यंजन वर्ण के साथ जोड़ दिये गए।

एक से दूसरी लिपियां किस तरह निकलीं, यह देखिए—

सब कुछ की जड़ में

छांदोग्य उपनिषद् में दो कहानियां आई हैं । आज की भाषा में वे कहानियां इस तरह की होंगी—

नारद और सनत् कुमार

पहली कहानी में है कि नारद ने सनत् कुमार से कहा—'आचार्य, मुझे शिक्षा दीजिए ।' सनत् कुमार ने पूछा—पहले यह तो बताओ कि तुम्हारी सूझ-बूझ की पहुच कहां तक है ।

हमारे यहा की पुरानी पोथियों मे चमड़े के (आनद्ध) जिन बाजो के नाम पाए जाते हैं, वे हैं—पटह, मर्दल या मादर, हुडुक्, आकरट, अघट, रंजा, डमरू, ढक्का, कड़ली, टुक्कवि, त्रिवली, डिन्डिभ, भूमिदुंदुभि, भेरी, निःसान, तुम्बकी, टमकी, मन्ड, कंबूज, पणव, कुडली, पादवाद्य, शर्कर, मद्ध, मृदग, तबला, ढोल, ढोलक, काडा, जगझम्प, तासा, दमामा, टिकारा जोरधड़, खुड़दका, इनमे से ज्यादातर अब लुप्त हो गए हैं।

भी माहिर थे। झाड़-फूंक और नली का प्रयोग तो आज जारी है। पुराने गीतो और पदों में उसका परिचय पाया जा[ता] है। यह देहतत्व का पद :

झीनी-झीनी बीनी चदरिया।
काहे का ताना काहे की भरनी
कौन तार से बीनी चदरिया।
इगला-पिंगला ताना भरनी
सुषमन तार से बीनी चदरिया।
आठ कमल दल चरखा डोलै
पांच तत्व गुन तीनी चदरिया।
साईं को सियत मास दस लागे
ठोक ठोक कै बीनी चदरिया।

औजार और बाजा

गीतों के ही समान

तात-बाजों में आते हैं—अलापिनी, ब्रह्मवीणा, किन्नरी, विपंची, वल्लरी, ज्येष्ठा, चित्रा, घोषवती, जया, स्वस्तिका, कूर्पिका, कुब्जा, सारंगी, परिवादिनी, त्रिस्वरी, श्वेततंत्री, नकुलोष्ठी, औड़वरी, पिनाक, निबग, पुष्कल, गदा, वारणहस्त, रुद्रवीणा, स्वरमडह, कपिनाम, मधुष्यदी, घना, महती वीणा, रजनी, सारद, सुरसाब्द, स्वरशृंगार, सुरबहार, नादेश्वर वीणा, भरत वीणा, दुंबुरू, वीणा, कात्यायन वीणा, प्रसारणी, इसराज, मायूरी, इकतारा, गोपीयन्त्र, मोरग, आनंद लहरी। इनमें से अधिकांश बाजे आजकल पाए ही नहीं जाते।

वैदिक युग में ही हम पाते हैं कि बजाना एक वर्ग-विशे[illegible] का पेशा बन गया था। देवताओं की मूर्तियों से भी अन्दाज [illegible] किया जा सकता है कि किसी समय बाजों की बड़ी कद्र थी। शिव के हाथ में विषाण है, विष्णु के हाथ में शंख है, सरस्वती के हाथ है वीणा और कृष्ण के हाथों बांसुरी।

घन यंत्रों में आते हैं झांझर, घड़ियाल, घंटा, घुंघरू, नूपुर, मंजीरा, खरताल, करताल, जलतरंग। ये सब लोहा, कांसा या कांच से बनते हैं। मगर कभी इनमें से अधिकांश लोहे के ही बनते होंगे। क्योंकि 'घन' का मतलब ही लोहा है।

खींचना और पीटना

तार के बाजे भी बड़े पुराने हैं। धुनिए के हाथो धुनकी आपने जरूर देखी होगी। उसकी आवाज भी बाजे की आवाज की याद दिलाती है। धुनिया लकड़ी के जिस टुकड़े से धुनकी पर बार-बार मारता है, उससे इसराज की छड का स्मरण हो आता है।

धुनकी एक तरह का बाजा ही है। किसी-किसी आदिम जाति में आज भी वैसा बाजा चलता है। हमारे यहां इसीको पिनाक कहते है। यह पिनाक और इकतारा—यही दो यहां के सबसे पुराने बाजे है।

तार के बाजे से केवल लोहे या तांबे के तार का बोध नहीं होता। ऐसे यंत्र धातु बनने के पहले से ही चले आ रहे है। तब जीव-जन्तुओं की खाल आदि से तांत के बाजे बनाए जाते थे।

एक और भी बाजा है, जिसे 'अलापिनी' कहते है। इसका तार न तो धातु का है, न तांत का। जूट या कपास के तीन धागों से यह बनता है।

होता कि आज जिस दिन हमारा नव-वर्ष होता है, नव-वर्ष हरा
से उसी दिन होता आता है।

प्रकृति की बारी

वर्ष से हम साल का मतलब लगाते हैं। कभी वर्षा के समय वर्ष शुरू हुआ करता था। इसलिए ऋतु का नाम पड़ा वर्षा। हायन कहने से भी वर्ष समझा जाता है—अग्र के मानी पहले। इससे यह लगता है कि किसी समय शायद अगहायन—अगहन—से साल शुरू होता होगा। हायन का माने फसल भी है। वारिश और फसल—लगता है, वर्ष ठीक करने मे इन दोनों का बेशक बड़ा हाथ था।

इन उत्सव-त्योहारों से मनुष्य सबसे ज्यादा क्या चाहता है? वारिश, फसल और धन-दौलत। इनके सिवाय चाहता है लाल-भरी गोद। मनुष्य के जितने यत्न-जादू, पूजा-पाठ हैं—सब इसी के लिए हैं। इसी के लिए इतना सर खपाना है, मन्नत है।

यह कोई बात नही कि सभी देशों मे एक ही समय फसल फले, खाद्य मिले। देश-देश की पंजिका में फर्क इसीलिए पड़ता है। और तो और, अपने ही इतने बडे देश मे भी उत्सव-त्योहार और तिथि-तारीख में एकरूपता नही है।

अपनी नाड़ी को ज़रा दबाकर देखिए, किस तरह ताल पर चलती है। उस दिन चांद को देखा था, मगर आज देखिए, वह कितना दुबला हो गया है। कुछ ही रोज पहले खुले बदन रहने के बावजूद पसीना आता था, लेकिन आज अंगीठी के सामने बैठना पड़ता है। चांद का घटना-बढना, सर्दी और गर्मी किस तरह बारी-बारी से आती है। सूरज का सवेरे उग आना कभी नही भूलता।

होगा कि आज जिस दिन हमारा नव-वर्ष होता है, नव-वर्ष सदा से उसी दिन होता आया है।

प्रकृति की बारी

वर्ष से हम साल का मतलब लगाते है। कभी वर्षा के समय वर्ष शुरू हुआ करता था। इसलिए ऋतु का नाम पड़ा वर्षा। हायन कहने से भी वर्ष समझा जाता है—अग्र के मानी पहले। इससे यह लगता है कि किसी समय शायद अगहायन—अ[illegible] से साल शुरू होता होगा। हायन का माने फसल भी है। [illegible] और फसल—लगता है, वर्ष ठीक करने में इन दोनों का [illegible] बड़ा हाथ था।

इन उत्सव-त्योहारो से मनुष्य सबसे ज्यादा क्या चाहता है [illegible] बारिश, फसल और धन-दौलत। इनके सिवाय चाहता है लाल[illegible] भरी गोद। मनुष्य के जितने यज्ञ-जादू, पूजा-पाठ है—सब इसी के लिए है। इसी के लिए इतना सर खपाना है, मन्नत है।

यह कोई बात नही कि सभी देशो मे एक ही समय फसल फले, खाद्य मिले। देश-देश की पंजिका मे फर्क इसीलिए पड़ता है। और तो और, अपने ही इतने बड़े देश मे भी उत्सव-त्योहार और तिथि-तारीख मे एकरूपता नहीं है।

अपनी नाड़ी को ज़रा दबाकर देखिए, किस तरह ताल पर चलती है। उस दिन चांद को देखा था, मगर आज देखिए, वह कितना दुबला हो गया है। कुछ ही रोज़ पहले खुले बदन रहने के बावजूद पसीना आता था, लेकिन आज अगीठी के सामने बैठना पड़ता है। चांद का घटना-बढना, सर्दी और गर्मी किस तरह बारी-बारी से आती है। सूरज का सवेरे उग आना कभी नही भूलता।

सूरज को बचाने की ऐसी फिक्र क्यो ? क्योकि उससे सोने की फसल होगी, गाय-गोरू से गोशाले सुहाने होगे, सुख से ससार भरा-पूरा होगा और क्या नही होगा !

मौत से जिन्दगी

इस व्रत मे राख, गोबर और कूडा-कतवार को मिलाकर आग मे जलाना पडता है , जलाकर पानी मे बहाया जाता है । इसके गीत भी हैं।

मिट्टी के ढक्कन मे जो-कुछ रखकर इस तरह पानी मे बहाया जाता है, असल मे वह खाद है, जिससे अच्छी फसल पैदा होती है। मौत मे ही दरअसल जिंदगी है। सूरज के नाम पर यह जो व्रत चालू है, सच पूछिए तो यह सारा-का-सारा कर्म फसल का है। तब के लोग समझा करते थे कि बीज बोने के मानी हैं बीज की मौत। बीज का माटी के नीचे दफनाना। उसीसे नए अकुर निकलेगे—मौत से नई ज़िंदगी पैदा होगी। सर्दी मौत है—वसत नई ज़िंदगी।

व्रत मे कुश के पुतले को जलाकर लोग व्याकुल होकर पुकारते हैं—ऐ सूरज, जगमगाते हुए जगो।

सूरज कुहरे मे ढक गया है। इस पुकार को सुनने के बाद भी नही उठ पाते। वे अपनी बेबसी ज़ाहिर करते हैं—मैं कुहरे से बेतरह घिर गया हू । उठ नही पाता।

यह सुनकर लोग कुहरे का सफाया करने में लग पड़ते हैं। कुहरा खत्म करना लोगो के माघमडल व्रत में प्रकट हुआ है। इस व्रत की जो रूपरेखा मिलती है, उससे यह पता चलता है कि अचानक इस व्रत ने रूपक का रूप ले लिया है। कुहरे के बादल को फाड़कर बड़े कष्ट से सूरज को निकाला जाता है। चद्रकला

आप खाए थाली मे,
मुन्ने को दे प्याली में।
प्याली गई टूट।
मुन्ना गया रूठ।

या

चंदा मामा आरे आव,
वारे आव
नदिया किनारे आव
सोने की कटोरी मे
दूध भात लेते आव
मुन्ने को पिलादो धु-उ-उ-द।

मगर व्रतों में मुख्यता सूरज की है।

सूरज बड़ा है

चांद के बदले सूरज को बड़ा देखने की बात याद में आई। आदिम काल के लोगों का खयाल था, चांद की बदौलत ही ये पेड़-पौधे, जीव-जंतु जीते-मरते हैं। वे चांद को एक जादूगर, दिन-तारीख और मास-वर्ष का कर्ता समझते थे।

लेकिन जब खेती करने की नौबत आई, तो धीरे-धीरे लोगों ने समझा, इन सबका कर्ता-धर्ता दरअसल चांद नही, सूरज है। एक के बाद दूसरी ऋतु जो आती है, सूरज की बदौलत आती है। जाड़े के दिनो सूरज की मृत्यु-दशा रहती है। उस समय पेड़-पौधे सूख जाते है, हर कुछ मे अभाव पड़ता है।

मगर मनुष्य मौत को लाचार की नाईं कबूल नही कर लेता। वह सूरज को जिलाने का व्रत करता है। बंगाल की तरफ लोगों में यह व्रत चालू है। इसे 'तुपतुपुली' व्रत कहते हैं। आखिर

विवाह है। नीलपूजा में शिव के विवाह की झांकी है। लगता है, यही आगे चलकर पूजा हो गया है और उनमें सूरज के बदले शिव आ गए हैं। आ ही नहीं गए, घर-घर घूमने लगे। क्रिया-कर्म के बजाय साज-सिंगार करके गीत ही गाने का ज्यादा जोर रहा।

नील के माने हैं नीलकंठ महादेव। नीम या बेल की एक डाल के सिरे की तरफ नुकीला बनाकर उसमें चक्र और त्रिशूल लगाया जाता है। उसके बाद उसमें तेल-सिंदूर पोतकर लाल कपड़े से गुसाईं का सारा बदन लपेट दिया जाता है। उसके बाद उसे लेकर घर-घर घूमते हुए स्वांग बनाकर गीत गाते फिरते हैं। जो ऐसे स्वांग बनते हैं, उनको नील सन्यासी कहते हैं। उनके गले में रुद्राक्ष की माला, माथे पर पगड़ी, पहनावे में लाल कपड़ा और हाथ में बेंत रहता है। दल के सरदार को बाला कहते हैं।

पहले नील का गीत गाया जाता है। गीत में शिव के विवाह का वर्णन होता है। जैसा कि उस समाज में हुआ करता है, वैसे ही ब्याह का वर्णन। उसके बाद एकाएक शुरू हो जाता है श्रीकृष्ण के दशावतार का स्तोत्र-पाठ। इससे यह जाहिर हो जाता है कि आगे चलकर देवता की गद्दी में शिव को उतारने की कोशिश की गई है। इस कोशिश में ब्राह्मण-पंडितों का हाथ रहा है।

शिव के बाद आए कृष्ण। उनके आने पर गीत के साथ शब्दों का भी योग हो गया। दोनों के योग से रूपक की सृष्टि हो गई।

कृष्ण का नाम है कान्हा। दूसरा नाम है विष्णु। साहित्य में विष्णु का अर्थ है सूर्य। लिहाजा जो पहले सूरज थे, वही बाद में कान्हा बने। ग्रह-उपग्रहों के साथ सूरज की जो जीवन-यात्रा

से सूरज का ब्याह होता है। चन्द्रकला कहती है, सूरज महाराज, तुम्हारे देश मे मां किसे कहूंगी ? सूरज ने कहा, मेरी मां म्हारी सास होगी, उन्हींको मां कहना। यानी सूरज को वदस्तूर आदमी वनाया गया है। उसके एक और भी वीवी है गोरी। सूरज के दो लड़के भी हुए—राल और शिव।

शिव का उदय

सूरज को एडी से चोटी तक वांधने के लिए माया की ज़ंजीर से भरपूर जकड दिया गया है। इस व्रत मे सूरज को न केवल सोलहो आने आदमी वना डाला गया है, वल्कि उसमें पुराने समाज के वहुत से रीत-रिवाजो का भी परिचय पाया जाता है।

शिव दरअसल आदिम समाज के ही कोई आदमी थे। वहुत सभव है कि वही दल के सरदार या मुखिया थे। व्रतों के ज़माने मे वे प्रधान जादूगर रहे होगे और व्रत जव नाच और रूपक मे वदल गया, तो उस नाच और रूपक के भी गुरु शिव ही रहे, फिर वही नटराज खेती-वारी के युग मे ऋतुराज वन वैठे। शिव की भूमिका का अभिनय करते-करते धीरे-धीरे दल के सरदार स्वयं शिव वन गए। शुरू मे शिव स्वय भी वहुत परिश्रम करने वाले थे। गाव-घर की औरते इसीलिए काम-काज के समय शिव के गीत गाया करती थी। वगला मे एक कहावत मशहूर है—धान भानते शिवेर गीत। यानी धान कूटते वक्त शिव का गीत। पुराने शिव की जो झाकी लोक-गीतों मे मिलती है, उसमें कही भी भगेडी भोलानाथ की वू-वास नही। वे खूव खटते थे और केवल खेती-वारी ही नही, खेत से मच्छर और जोंक भगाने के नियम, कानून, ग्रह-तत्व और वशीकरण के जादू-मंत्र भी वे जानते थे।

शिव के वाद कृष्ण

'माघमडल' व्रत का ज़िक्र किया जा चुका है। उसमें सूरज का

सामने आए फिर भगेड़ी और आरामतलब हो गए। समाज के दिमागदरो के चलते जादूविद्या से एक ओर तो आई खेती, ज्योतिविद्या, आयुर्वेद और शास्त्र और दूसरी ओर आई गीति-कविता, गीतिरूपक, नाटक। प्रकृति की बाहरी लड़ाई से आया विज्ञान और अदरूनी लड़ाई से आया शिल्प।

इसी युग मे हमारे यहा रामायण और महाभारत जबानी रचे गए थे। ये दोनो ग्रंथ किसी एक व्यक्ति के रचे नही हैं। कई सौ वर्षों मे अनगिनती लोगो की बनाई गीति कविताए जोड़कर, उन्हे सजा-गुजाकर ये दोनों महाकाव्य तैयार हुए। शायद उसके बहुत दिनो के बाद पेशेवर गायक कुशीलवों से सुन-सुनकर वाल्मीकियो ने रामायण और व्यासों ने महाभारत की रचना की। वाल्मीकि और व्यास व्यक्ति-विशेषो के नाम नही है। ये दो सप्रदाय है।

ऐसी गीति-कविताओ मे एक तो मूल गायक हुआ करता था और बाकी लोग दोहारी करते थे। ग्रीक-गाथा होमर के इलियड और ओडेसी मे भी ऐसा ही है। धीरे-धीरे दोहारी देने वाले लोग तो गायब हो गए, मूल-गायक ही रहे। उनके हाथ मे वीणा रही। और आगे चलकर गायक के हाथ की वीणा भी जाती रही, गायक कवि हो गए, गान हो गया कविता।

रामायण, महाभारत, इलियड, ओडेसी—ये सबके सब राजे-महाराजो के युद्ध जीतने की गाथाए हैं। भारत और ग्रीक-राजाओ के दरबार मे गायको का दल रहता था—भारत मे कुशीलव और ग्रीस मे होमेरीदाई। ये जात-गायक थे। ये पुश्त दर-पुश्त राजाओं की कीर्ति-कहानी गाया करते थे। लावनी, आल्हा आदि गानेवालों की तरह मच पर खड़े-खड़े ही गीत रच लिया करते थे। इन रचनाओ के बहुत-बहुत दिन बाद ये

है, वही हुई सौर-यात्रा। सौर-यात्रा बाद में हो गई कृष्ण-यात्रा। सूर्य-देव जिन्हें लेकर रास रचते हैं, वे हैं, राधा, चित्रा और विशाखा। कृष्ण की भी सहचरियां यहां राधा, चित्रा और विशाखा।

मौखिक गीति और महाकाव्य

एक ओर जादू-मंत्र से लोगों में धर्म-विश्वास का उदय हुआ, दूसरी ओर आई व्रतनाट्य से मौखिक गीति और नाटक। प्रकृति के परिवर्तन मे आदिम मनुष्यों ने कभी अचरज से जीवन और मृत्यु आने और जाने के क्रम को देखा। इसीसे पल-पहर, दिन-तिथि, मास-वर्ष एवं ऋतु-चक्र का ज्ञान आया। धीरे-धीरे उन्हें ऋतुओं के राजा सूरज-चांद से बड़े दिखाई दिए।

जब मनुष्य खेती-बारी करने लगे, तो उनमे व्रत-त्योहार का रिवाज आया। उन त्योहारों के पीछे जन्म और मृत्यु के प्रभाव का हाथ रहा। मौखिक गीतियों के गाने के भी खास कुछ नियम-कायदे हैं। बंगाल की बात लीजिए। यहां रामायण के गीति-रूपक के पांच खंड हैं—सीता-विवाह, शक्तिशेल, रावणवध, पिता-पुत्र और लक्ष्मण-वर्णन। जिस घर मे संतान का जन्म हुआ है, वहां या तो सीता-विवाह या पिता-पुत्र खंड गाया जाएगा। जहां किसी उम्रवाले आदमी की मौत हुई हो, वहां गाया जाएगा—रावणवध। और कही अगर नन्हे बच्चे की मृत्यु हुई हो वहां गाया जायगा या तो लक्ष्मण-वर्णन या शक्तिशेल।

गीति-रूपकों के इस युग में समाज में एक बहुत ही बड़ा परिवर्तन नजर आया। खेती से लोग अपनी जरूरत से ज्यादा उपज करने लग गए थे। समाज में शूद्र और ब्राह्मण, दास और मालिक दिखाई देने लगे। दिमाग और मेहनत के काम-काज जुदा माने जाने लगे। शिव पहले तो पत्थर मेन्हिर के रूप में

इस समय सूर्य राजा जरूर थे, मगर प्रधानता चांद ही की थी। चांद रानी गिना जाता था। बोए के मरने के बाद जैसे फसल उगती है, उसी तरह समाज के सुख-चैन के लिए राजा को प्राण देने पड़ते थे। सूरज रोज साझ को मरकर सुबह जी उठता है। राजा भी जान देकर नए प्राण पाते है। इसी विश्वास पर राजा को बलि दी जाती थी कि राजा अमर है। बाद मे राजा के बदले पशु की बलि देने का रिवाज शुरू हुआ। ऐसे समाज को क्षेत्रप्रधान कहा जाता था। पुरुष बीज माने गए, स्त्रियां खेत। राजा रानी के हुक्म के बंदे बने।

तुम आदमी नहीं

रानी की यह हुकूमत ज्यादा दिनों तक राजा पर नहीं रह सकी। धीरे-धीरे राजा कब्जे से बाहर होता गया। खेती जैसे-जैसे बढ़ती गई, फसल आगन की हद से बाहर बेहारों तक फैलने लगी, वैसे ही जैसे खेत से बीज, स्त्री से पुरुष, रानी से राजा, चांद से सूरज की प्रधानता बढ़ने लगी।

इस तरह समाज धीरे-धीरे बदलता गया। जो वीर रात-दिन लड़ाई-झगड़ो मे लगे रहते थे, वे बड़े-बड़े राजा-महाराजा बन बैठे। दूर तक उनका राज्य कायम हुआ, राजवंश बना। वे काफी जमीन-जायदाद के मालिक हो गए। उसके बाद जब देश मे वनिज-व्यापार का सिलसिला बढा, तो वैश्य, वणिक् और महाजनों की शक्ति बढने लगी। लक्ष्मी खेती के बजाय व्यापार मे जा बसी। खेती से रकम बड़ी दौलत गिनी जाने लगी। राज-शक्ति तब भी राजा-महाराजा के हाथों जरूर थी, पर सौदागरों का दबदबा बढने लगा। धीरे-धीरे जब रियासत की ओर भी उनके हाथ बढ़ने लगे तो क्षत्रिय और वैश्य, राजा और महाजनो में लड़ाई शुरू हो गई। ऐसे समय बड़े-बड़े नगर और बंदर-

महाकाव्य लिखे गए। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि लिखते समय मूल रचनाओं के अपने सही रूप में रह सकी हैं। इन्हीं महाकाव्यों को फिर दूसरे-दूसरे लोगों ने तोड़-मरोड़कर अलग-अलग ढंग से लिखा है। उनके अनेक अलग-अलग अंश पर भी रचनाएं हुई हैं।

नाच से व्रत

गीति-रूपक और नाटक की सूचना महाकाव्य से बहुत पहले हो चुकी थी। व्रतों से यह बात साफ समझ में आती है। व्रतों से भी पहले था नाच। नाच और काम पहले साथ-साथ थे। किसी काम में हाथ लगाने के पहले दल के लोग जुटकर उ... काम का रूप बनाते थे। यही जुटान नाच की थी। काम जितना ही सुलझने लगा, काम के पहले नाच की जरूरत उतनी ही घटती गई। मिहनत-मजूरी के चंगुल से निकलकर नाच सामाजिक जरूरतों में आने लगा। उस समय समाज में काम के बंटवारे का क्रम शुरू हुआ था। एक-एक वर्ग एक-एक काम में अपने को माजने लगा था। जादू तब तक एक अलग ही हुनर बन चुका था। और नाच सामूहिक जुटान न रहकर व्रत-त्योहार बन गया था। उसके लिए जादूगर और पुरोहित की जरूरत हो आई थी।

महाकाव्य के पीछे लडाई-भिडाई और रूपक-नाटक के पीछे खेती का विस्तार था। फल-कंद जुटाने, शिकार करने या मवेशी पालने से खेती-बारी का काम कठिन पडता था। आदिम काल में, समाज के पुरुष लोग तो लड़ाई में ही मशगूल रहा करते थे, इसलिए खेती की जिम्मेदारी औरतों के कंधा पर पड़ी थी। इसलिए नए-नए जो व्रत-त्योहार सामने आते, उनमें लक्ष्मी या संतान देने वाली देवी ही प्रमुख हो उठी।

दिक युग के आसपास का एक शब्द पाया जाता है—शैलूप। शैलूप या तो उनको कहते थे जो बलि के काम में जल्लाद का हिस्सा अदा करते थे या जो नाटक करते थे। कहीं-कहीं कोल-भील को भी यही नाम दिया गया है। जहां तक समझा जाता है, तब बलि के स्थान में गीत गाया जाता था। जिसकी बलि दी जाती थी, वह चाहे पशु ही क्यों न हो, उसके लिए जल्लादों में कुछ ममता होती थी। क्योंकि बलि का जीव और जल्लाद, दोनों एक ही मालिक के मातहत होते थे। इसीलिए बलि के बाद उन पशुओं के गुण-गान का रिवाज किसी-किसी मुल्क में देखा जाता है। उनकी स्तुति कुछ इस तरह से की जाती है गोया वे पशु पशु नहीं बल्कि अलौकिक शक्तिवाले मनुष्य हों। इस तरह पशुओं के नाम पर उस जमाने के जंजीर में जकड़े दास लोग अपनी ही संघ-शक्ति की स्तुति किया करते थे।

आज से कोई ढाई हजार साल पहले की बात है। उसी समय बौद्ध-संघारामों में कैदी लोगों की आजाद होने की आकांक्षा जागी थी। साल में खास-खास दिन जो जहां रहते थे, वहीं जमा होते थे। पर्दे लटकाए जाते थे। नाच-गान का उत्सव होता था। यानी रूपक-नाटक होता था।

उलट-फेर

गीति-रूपकों और नाटकों का लोक-प्रचलित रूप नहीं रहा। समाज में जब फिर से उलटफेर का समय आया, तो नाटक नई शक्ल में सामने आए। अब तक समाज की एकमात्र संपत्ति जमीन ही रही थी, अब उद्योग-व्यापार का सहारा लेकर नए लोगों ने सिर उठाया। शहर बने, बंदरगाह कायम हुए। गाती हुई, घूमने वाली भजन-मंडलियां दिखाई दीं—जुलूस का

गाह बन गए। सौदागरों की नावें देश-देशांतर को जाने लगीं। राजा और सौदागरों की इस नाटकीय लड़ाई से ही और नाटक का सूत्रपात हुआ। यह युग बौद्ध-युग था। इस रा ब्राह्मणों को दबाकर वैश्य आगे निकल आए थे। राजा सौदा गरों से पीछे पड़ते जा रहे थे।

इसके काफी सबूत मिलते हैं कि वैदिक-युग के अंतिम दिनों में समाज छोटे-बड़ों में बटता जा रहा था। इस कारण प्रमाण ऐतरेय ब्राह्मण की शुनःशेप की कहानी है। इधर इन्द्र के अपार वैभव और उधर शुनःशेप के पिता बेचारे अजीगर्त को दो मुट्ठी अन्न भी नसीब नहीं। लाचार उसे अपने बेटे को बेचना पड़ा। राजसूय यज्ञ में बलि चढाने के लिए वह लड़का खरीदा गया। लड़के को बांधकर यूपकाष्ठ में भिड़ाया गया। आखिर जल्लाद इनकार कर बैठे। शुनःशेप ने धिक्कारते हुए कहा था—पुर ऋत् हम खो चुके हैं। और नफरत से मुंह पर यह भी कह दिय कि तुम मनुष्य नहीं हो।

शैलूष

'तुम मनुष्य नहीं हो' मारने वालों के खिलाफ मार खाने वालों की यह मानो सबसे पहली बार गर्जना थी। ये जल्लाद भी शुनःशेप की तरह गुलाम ही थे। इसीलिये अपने ही एक भाई-बिरादर को मारने मे उनका हाथ नहीं उठा। इतना ही क्यों, शुनःशेप ने उन्हें बीते दिनों की बात याद दिला दी, जबकि समाज में सब कोई समान थे। जब गुलाम और मालिक, गरीब और अमीर में समाज बट नहीं गया था।

मगर इससे नाटक और रूपक का मेल कहां बैठता है? यही देखें कि वह मेल कहा है।

यम, नियति, यक्ष

आदिम युग से, खासकर खेती-बारी के युग में मनुष्य ने जीवन और मृत्यु को देखा। देखा जाना और आना, अंधेरे और जोत की लड़ाई। मौत और ज़िन्दगी की इस पाली से ही जादू-मन्तर, जाग-यज्ञ, व्रत-पूजा, नाच-गान-नाटक का उदय हुआ। शुरू में देवता नही थे। थे केवल ऋत् और ऋतु। दल बांधकर प्रकृति की नकल करने से ही वह मुट्ठी में आ जाएगी, इसी ख्याल से आचार-अनुष्ठान का जन्म हुआ।

समाज मे जब दल से दलपति बड़ा हो उठा, तभी ऋतु-चक्र के देवता—सूरज, शिव, कृष्ण—सामने आए। देवता उस समय अमर नही थे। उन्हें मनुष्य की तरह, जीवों की तरह मरना पड़ता था। मरने के बाद उनका नया जन्म होता था। जैसे मिट्टी के नीचे बीज भरकर अन्न होता है। तब जन्म और मरण के देवता एक ही थे। यम तब तक जनमे नही थे।

व्रत-त्योहार और ऋतु-उत्सव में देवता की भूमिका ले ली जादूगर, पुरोहित और ऋत्विक् ने। धीरे-धीरे सामूहिक व्रत-उत्सवों से जब गाथा और गीत अलग होने लग गया, तो व्रत-त्योहार के नेता गाथा के रचयिता ही हो उठे। और बाद में वही नट या अभिनेता भी बने। एक ही देवता में जैसे जीवन और मृत्यु का द्वंद्व, एक ही देवता के जैसे दो चरित्र थे, वैसे ही शुरू में एक नट दो चरित्रों का अभिनय करता था। कथकों में, बहुरूपियों मे आज भी उसकी झलक देखने को मिलती है।

उसके बाद समाज मे कामों का जितना ही बंटवारा होता गया उतने ही अलग-अलग देवता बनते गए। बेचारे यम के कंधे पर पड़ा मौत का दफ्तर। जन्म और मृत्यु के बीच का लगाव टूटता चला गया।

रिवाज चला। ग्रीस में ऐसे जो अनुष्ठान होते, उन्हें 'कामे
कहते थे। वहां गणतंत्र से नाटकों को प्रेरणा मिली थी।

भारत में उद्योग और व्यापार की जो बाढ आई, उसी
से नए सिरे से नाटकों का उदय हुआ। नगर नाटकों के के
बने। इसमें दो बातों को जगह मिली। एक तो राज्य
लालसा, साजिश, फरेब, विलास-व्यसन, अच्छी पोशाक की ओ
में बुरी चाल और मामूली लोगों के प्रति उपेक्षा के भाव; दूसर
भले चरित्र और घटना, खोने के बाद बड़ी-बड़ी मुसीबतों
फिर से पाने की कहानी। अश्वघोष और कालिदास के नाट
दूसरी कोटि में आते है। उनमें साधारण लोगों की आशा औ
आवेग की झलक है। गुप्त राजाओं के समय मे जब देश क
लक्ष्मी सचमुच ही वाणिज्य मे जा बसी थी, कला और साहित
सब प्रकार से प्रगति पर था। किन्तु उसी प्रगति में अगति क
भी एक पहलू था। वह यह कि साधारण लोगों को पीछे छोड़
कर बढ़ने की चेष्टा। शायद इसी कारण से बाद में शिल्प-
साहित्य मे अंधकार-युग आया।

किन्तु गाथा, गीति-रूपक गांववालों में टिका रहा। गांव
तब सोलहों आने गाव नहीं रह गए थे। अब श्रम करनेवाले
छोटे गिने जाते थे, दिमागी काम करनेवाले बड़े।

निचले तले के लोगों ने नाच-गान-नाटक की धारा को
कायम रखा। इसीलिए बीते दिनों की कला के परिचय के
लिए उनकी शरण गए बगैर कोई चारा नही। उन्होने हमारे
अतीत को ही बांधकर नही रखा, हमारा भविष्यत भी उन्हीके
यहां बंधा रहा।

अधिकारी और अनधिकारी, मालिक और दास, धनी और गरीब दिखाई दिए।

एक ओर तो जानकारी से प्रकृति को मुट्ठी में लाया गया, लेकिन दूसरी ओर वही जानकारी पुरोहित-ब्राह्मणों के हाथों पड़कर अजाना रहस्य हो गई। प्रकृति का नियम हो गया अदृष्ट, नियति, विधि का विधान। उस पर मनुष्य की कोई दाल ही नहीं गल सकती। मनुष्य पहले की तरह ही अपनी इच्छा के मुताबिक श्रम से प्रकृति से फसल वसूलने लगे, कपड़े बुनने लगे, मगर मन में अन्धविश्वास जमकर बैठ गया।

काम और बात, हाथ और दिमाग, वस्तु और मन अलग हो गए। जो दिमागी काम करते, वे हो गए ऊपर तले के आदमी—देवकुल। जो हाथ से काम करते वे हो गए नीचे तबके के लोग—दैत्यकुल। और समाज में पाप-पुण्य, स्वर्ग-नरक, कर्मफल आ पहुंचा।

छोटे-बड़े, राजा और प्रजा में समाज बंट गया। इसके यह मानी नहीं कि दो दल एकबारगी जुदा हो गए। अगर ऐसा होता, तो राजा का दल तो दानों का मुहताज होकर मर जाता। इसलिए मिल-जुलकर रहने और समाज को एक रखने की जरूरत थी। राजा ही भगवान के अवतार, मनुष्यों के भाग्य-विधायक हुए। शुरू में राजा रिआया के काम आते थे। वे प्रजा के महीना पानेवाले सेवक थे। रखवाली करके वे उपज का छठा हिस्सा पाते थे। बाद में रक्षक ही भक्षक बन बैठे। ज्यों-ज्यों लोभ बढ़ता गया, वे जुल्मी होते गए।

नियति भयंकर यम बन गई। देवता निर्दयी हो गए। उनकी मांगों का अन्त नहीं रहा। कहीं उनके चढ़ावे के पान में चूने की त्रुटि रह गई तो खैर नहीं।

नियति

इस तरह सामने आए यम, यमदूत, नियति। इन जड़ मे ऋतु-चक्र और जन्म-मृत्यु का अमोघ नियम ही नियम से ही आए यम और नियति। कार्य और कारण का ही नियम है। आदिम युग के लोगों ने प्रकृति में कार्य-का का जो नियम ढूंढ़ निकाला था, उसीको जादू कहा गया। में यही जादू धर्म बन गया।

प्रकृति मे जैसा है नियम, वैसा ही मनुष्यों में है समाज प्रकृति का नियम जैसे ऋतु है, मनुष्यों का नियम वैसे ही ऋत है। ऋत का मतलब था मनुष्यों का एक सम्पूर्ण समाज, ऐसा समाज जिसका कही भेद-बटवारा न हो। जादू के ज़माने में मनुष्य का खयाल था कि प्रकृति पर उसका बेरोक अधिकार है। ठीक उसी तरह समाज पर भी सबका समान और बेरोक अधिकार था।

लेकिन धीरे-धीरे मनुष्य के बचपने-जैसे जादू-विश्वास पर वास्तव-जगत मे चोट पड़ने लगी। पग-पग पर ठोकरें खा-खा कर मनुष्यों ने भांप लिया—प्रकृति अपने मतलब पर चलती है। वह मनुष्य के हुक्म ढोने वाली नही। सो प्रकृति को प्रसन्न करने की बारी आई—मन्नत मानकर मनाने की बारी आई। और इसीके साथ आए पूजा-अर्चा, देवी-देवता, पंडा-पुरोहित।

उस ज़माने मे जो लोग प्रकृति के नियम-कानून को जान-कर उसे बदलने के फ़न में माहिर थे, वही पुरोहित, ब्राह्मण और सिद्धाचार्य थे। मनुष्य के ज्ञान-विज्ञान का 'क ख' उन्ही की चटशाला में आरम्भ हुआ। प्रकृति पर अधिकार के इस भेद से ही समाज मे अधिकार-भेद आया। वर्णाश्रम और जाति-भेद की नीव पड़ी। इसीसे समाज में व्यक्तिगत मालिकाना आया,

देते। उन रुपयों से वे जरूरत की चीजें खरीदते।

कुछ दिन तो इस तरह चला। बाद में एक नई समस्या सामने आई। अब बिक्री खरीदारी के लिए नहीं होने लगी। बल्कि बेचने के लिए खरीदारी शुरू हो गई। सौदागर कम कीमत पर सौदा खरीदते और महंगे दाम पर बेचते। इससे उनके हाथों मुनाफा बच जाता। उस मुनाफे को भी वे इसी तरह लगाते। उनकी नजर चीजों पर नहीं, रुपयों पर लगी होती। इस तरह रुपयों के लिए दौड़ शुरू हुई। रुपया अब माध्यम नहीं, बल्कि वह सरदार हो गया, सर्वेसर्वा हो गया।

रुपयों का कारोबार करते-करते एक दिन सौदागर ने पाया कि वह सर्वनाश के दरवाजे पर जा पहुंचा है। तब जाकर यह बात उसकी समझ में आई कि अब तक वह रुपयों के पीछे नहीं, सोने के हिरन के पीछे दौड़ता रहा है। वह सोने का हिरन भी नहीं, मायावी मारीच था।

ग्रीक-पुराण में मिडास की कहानी है। मिडास उसी राज्य का राजा था, जहां सोने की बेहतहा खानें थी। एक बार उसने वरदान मांगा था कि मैं जिस चीज को भी छू दूं, वही सोना हो जाए। उसे मांगी मुराद मिल भी गई। जिस चीज़ पर भी उसका हाथ लग जाता, वही सोना हो जाती। जब वह खाने बैठा तो सिर ठोककर रह गया। कौर उठाता कि सोने का ढेला बन जाता। और हुआ ऐसा कि उसके चारों ओर सोने का ढेर लगा रहा और वह दाने-दाने को तड़प कर, प्यास से छटपटाते हुए मर गया।

हम अक्षि का अर्थ आंख बताते हैं। यानी आंख के बदले अक्षि बंटती है। रुपए-पैसे को कहा जाता है अर्थ। इसका मतलब यह हुआ कि रुपए-पैसे का काम किसी और चीज़ की जगह

लेकिन इसका उलटा फल भी फला। नीचे तबके
इस जुल्म-सितम को होंठ सीकर नहीं सहते रहे। उन्होंने म
पर कभी तो सीधे चोट की और कभी लुक-छिपकर। रा
के लिए दो दलों में छीना-झपटी चलती रही।

नियति वही थे, जो समाज में सबसे ऊंचे थे। सामा
घटनाओं की बागडोर उन्हींके हाथों थी। इसीलिए नाटक
शुरू में रहकर नियति ही नाटक की गति को बांध देत
लेकिन वर्ग-युद्ध के चलते समाज के अगुओं के लिए सदा सम
का सूत्रधार रह सकना मुमकिन नहीं हुआ। नियति को खिस
जाना पड़ा। जीवन के रंगमंच पर अभिनय करने वालों ने उस
नियमों को तोड़ दिया। इसीलिए घटना को मोड़ने के लि
स्वयं नियति को भी नट बनकर रंगमंच पर उतरना पड़ा।
मगर ज्यों-ज्यों घटनाएं उसके हाथ से बाहर निकलती गईं,
वह जी-जान से हाथ-पैर पटकती रही। हाथों में खड्ग लिए
वह जितना ही उछल-कूद मचाती, लोग उसे भांड़ समझकर हंस
पड़ते। नियति मजाक की पात्री बन बैठी और उसके बदलने का
सवाल आया।

यक्ष की बारी

अब नियति बनकर आया यक्ष। अजीब सूरत—भुकभुकाती
आंखें। हर समय खांव-खांव। वह सोने-चांदी की चादर से
अपनी असली शक्ल ढके रहता।

यक्ष का सर्वस्व हुआ रुपया-पैसा। शुरू में वह मनुष्य के
अच्छा काम आया। खरीद-बिक्री के बीच-बचाव में पड़कर
उसने मनुष्य के कंधे के बोझ को बहुत हलका कर दिया था।
खेतिहर बतख-मुर्गा बेचने पैठ जाते। खरीदार बदले में रुपए

कानून और कचहरी भी रुपए की मुट्ठी में। कहावत है, जर जिसका, जीत उसी की। पैसे के नाम से कठपुतली भी हा करती है।

और कठपुतली ही क्यो, बडे लोगों के घर देवता भी वन्दी बनते हैं। इसीसे गरीब कहा करते है,

कौडी और कृष्ण दो भैया।
कौडी के बस कुंवर कन्हैया॥

अब तक प्रजा के माथे पर थे जमीन के मालिक राजा। उसे रिआया अपनी आंखो देखा करती थी, उसके प्यादों से पिटती थे और उपज होने पर लगान चुकाया करती थी। समाज के जो स्याह-सफेद करने वाले थे, वे प्रत्यक्ष थे। उसे समझने-बूझने की गुंजाइश थी, उसके पास तक पैगाम पहुंचाया जा सकता था।

मगर धीरे-धीरे मनुष्य के भाग्य का बनाने विगाडने वाला हो गया रुपया और बाजार। उसके दवाव से मनुष्य से मनुष्य का जो असली सम्बन्ध था, वह दब गया। रुपए-पैसे के चक्कर में पड़कर किसी अदेखे सूत में मनुष्य का भाग्य बंध गया।

नियति और आदमी

मनुष्य का जीवन, धन, मान, सब कुछ एक अंधी नियति के चपेटे मे आ गया। मानो एक ऐसे अभिशाप के बीच इस युग का सवेरा निकल रहा हो, जिसकी क्षमा नहीं हो।

चन्द्रधर बनिए ने सारी की देवी मनसा को कानी कहा था। उसके पैरों सर झुकाने को वह हर्गिज राजी नहीं हुआ। नतीजा यह निकला कि देवी के क्रोध से उसके छः-छः बेटे जाते रहे, सात-सात व्यापारी जहाज पानी में बैठ गए। फिर भी चन्द्रधर

बैठना है, महज वाहन बनना है। रुपए की पैदाइश हुई है इसलिए है। लेकिन आखीर में वह ठीक अर्थ होकर नहीं रह गया। उसका मतलब ऐसा हो गया कि मैं (रुपया) ही सब कुछ हूं—सिर्फ मुझे ही देखो। अब तक रुपए-पैसे ही चीजों के वाहन रहे थे, फिर चीजें ही रुपयों की वाहन बन गईं। रुपए-पैसे सबके सर चढ़ गए।

उलटी छाप

आईने में चेहरे की उलटी छाप पड़ती है, दायां बा... जाता है। रुपए-पैसे का आईना भी ठीक उसी तरह सब को उलटा देखने लगा। होने यह लगा—

मूरख फटकारे पंडित को पैसा पास रहे तो।
और झूठ-सा लगे सत्य ही अगर कहे निर्धन तो।

लोगों ने पूछा—यह धरती है किसके वश में। प्रतिध्वनि ... उत्तर मिला, जिसके पास रुपया है।

जिसे रुपया है, उसी के पास बल है। काम की कदर घट गई। रुपए से हर कुछ पाना आसान हो गया। हर कुछ कानी-कौड़ी का खरीदा गुलाम हो गया। रुपए की हर जगह पहुंच। वही अपना और मित्र—सब कुछ—

टका करै कुलहूल टका मिरदंग बजावै,
टका चढ़ै सुखपाल टका सिर छत्र धरावै।
टका माय और बाप टका भैयन को भैया,
टका सास अरु ससुर टका सिर लाड़ लड़ैया।
अब एक टके बिनु टकटकी रहत लगाए रात-दिन।
बैताल कहै विक्रम सुनो, धिक जीवन इक टके बिन।

...बने से मना करना वाला क्या ?

...अच्छा ! खैर, न सही। आपने अभी जो सुनाया, उन्हीमे ...कुछ दोहरा दीजिए, मैं खुद लिख लूं।

—अरे भाई, वहां जो कहा, वह अब साफ याद है ! उस ...उस भाव के आवेश में कह गया।

...लिखा-पढ़ी से कोई नाता नहीं। भीड़-भाड़ हुई, जोश आया, ...व उसके और वह कह गया। वह कविता लिखता नहीं, ...गाता है।

...मगर ऐसे स्वभाव के कवि अब मिटते जा रहे हैं। गांव के ...गों की गांठ खाली है। गांव के धनी-मानी जब-तब ऐसा ...योजन करते थे। वैसे लोगों की पूछ हो जाती थी। अब गांव ...वैसे लोग भी शहरों में जा बसे। शहरों में नाटक-सिनेमा की ...र। फिर ऐसों को पूछे कौन ? अब वे या तो गांवों में खेत-...मजूरे हो रहे हैं या शहरों में कुली। छापाखाना, रेडियो, ...सिनेमा, ग्रामोफोन के आगे उनकी कीमत भी क्या !

कविता लिखना

अब सामने आए हैं कवि। वे कविता कहते नहीं, कविता ...लिखते हैं। घर में घुसकर एकान्त में लिखा करते हैं। उन ...कविताओं की किताबें छपती हैं, छपकर किताबें बाजार में ...आती हैं। बाजार से वह किताब पाठकों के पास पहुंचती है। ...पाठक अब लोगों में बैठकर कविता नहीं सुना करते। घर में, ...एकान्त में, अकेले बैठकर मन-ही-मन पढ़ा करते हैं। आज की ...कविता का रूप यही है।

अटल रहा अपनी आन पर।

कुल का आखिरी चिराग लक्ष्मीन्दर भी बुझ गया। उसकी स्त्री बिहुला पति की लाश को केले के पेड़ों का बेड़ा बनाकर नदी की धार मे लेकर बह चली। उसके प्रताप से उसका पति जिन्दा हुआ—चन्द्रधर के और बेटे भी जी गए, दौलत भी लौट आई।

मगर नियति का लोहा मानना पड़ा। मनसा की पूजा करनी पड़ी। लेकिन चन्द्रधर ने मुह फेरकर बाएं हाथ से उनक पूजा की। हारे हुए की अवज्ञा हार में भी जीतने वाले के प्रति सिर उठाए रही। मनसा को पूजा जरूर मिली। लेकिन उस पूजा मे श्रद्धा नही रही। चन्द्रधर ने उस तरह मुह जो फेर लिया, उसमे निरुपाय आदमी का नियति के प्रति क्रोध जागता रहा। जागता रहा इसलिए कि कभी भभक पड़ने का सुयोग मिल जाए।

उलटा पुराण

आकाश छूती हुई एक इमारत खड़ी है और उसीके पास की परती जमीन के एक हिस्से में भैंस है, मनुष्य है। ट्राम और बस झटझट निकल जाती है—उसीसे सटी टकराती हुई जाती है बैलगाड़ी, ठेले। वह रहा अस्पताल और उसी के आगे कपड़े पर जड़ी-बूटी फैलाए बैठा है हकीम। तब और अब के युग की ानो होड़ लगी है। दोनो आमने-सामने।

गांव के उत्सव मे लावनी का जमघट है। खासे लावनी-ज बुलाए गए हैं। दल है। चंग पर फर्राटे के साथ चटकदार वनियां कहता चला गया। लोग झूमते रहे।

कविता कहना

चीज मान लीजिए जंची। किसी ने जाकर कहा, भई, कुछ

गा है। मगर किस चक्कर में कवियों की आज यह गत हुई है ?

ऊपर जिस यक्ष का ज़िक्र किया गया है, यह दुर्गत उसीके चलते है। रवीन्द्र ने एक जगह यक्षपुरी के बारे में लिखा है—यक्षपुरी में ग्रहण लगा है। सोने के गढ़े के राहु ने उसे नोच खाया है। वह खुद पूरी नही है, न किसी को साबित रहने देना चाहती है।

यक्षपुरी के लोग कह उठे हैं—यक्षपुर मे आंकड़ों की कतार लगी है, मगर किसी अर्थ पर नही पहुचती। इसीलिए हम उनके आगे आदमी नही है, केवल सख्या हैं।

लेकिन इसी यक्षपुरी की चकाचौध मे एक दिन यहा तक के लोगों को लुभाया था। तब वर्तमान सभ्यता का नया सूर्य आसमान मे जगमगा उठा था। वन-जगल काट कर, नदी-पहाड़ तड़पकर लोहे की पटरियो से राह तैयार हो रही थी। बात-बात मे रेल से यहां के लोग वहां पहुच जाते—यहा की चीजें वहां जा पहुचती। गाव के लोग अचरज से बाहर खड़े देखने लगे—अब तक जिस क्षितिज मे उन्होने आकाश और धरती का अन्त माना था, असल मे अन्त वहा नही है। उसके आगे भी धरती है, दुनिया है। इकन्नी-दुअन्नी की फौज-पल्टन लेकर सोने की मुहरें, चादी के रुपए दिग्विजय को निकल पड़े हैं। उसकी फूंक से बड़े-बड़े बरगद-पीपल धराशयी हो जाते हैं। उसके हाथ से छूते ही प्रकृति की शक्ल बदल जाती है।

पैसों की प्रभुता यहा पहले भी प्रकट हो चुकी थी, गुनियों के गले खरीदे गए थे, दिमाग और हुनर किराए पर उठे थे—पर यह नई सभ्यता हमारे यहां अंग्रेजों के साथ आई। इसकी पहली छटा से बहुतेरे लोग मुग्ध हुए और शमा पर परवाने-जैसे टूटे। जब बहुत नजदीक से उसे देखा-भाला, तो समझ मे

कवि अकेला हो गया है। अकेला हो गया है पाठक भी। लिखना भी भाव के आवेग से नही होता—सोच-विचारकर लिखने के लिए कविता लिखी जाती है। फिर कविता लिखना आज कुछ आसान भी नहीं। लिखने के लिए काफी तालीम की जरूरत है। जो चाहे वही कविता नहीं लिख सकता।

पहले के ग्रामीण स्वभाव कवि उसी भाषा में कविता कहते थे, जिसे सब लोग बोला करते थे। लिहाजा सब कोई उसे समझता था। उसमें पढ़े और अपढ़ में कोई फर्क नहीं पड़ता। कवि और दस-जैसा ही एक आदमी था। जो खेती करते, लुहार की भाथी धोंकते, आरा से लकड़ी चीरते, उन्हींके साथ कवि का उठना-बैठना था, उन्हींकी किस्मत से उसकी भी किस्मत जुड़ी थी। उसका गीत अकेले उसीका नही था—वह अपने गीत में दस की बात को गूंथ देता था। मानो उसके मुंह से सारा गांव बोलता था।

मगर अब के कवि। इनकी दशा बड़ी दयनीय है। बोल-चाल की भाषा को झाड़-पोंछकर मांजना पड़ता है। तब कहीं वह पोथी की भाषा बन पाती है। चाहने पर भी बोल-चाल की भाषा में लिखा नहीं जाता। सभी कविता के पाठक नहीं होते। लिखना महज उन्हीं लोगों के लिए है, जो पढ़ सकते हैं। फिर आज जो कविता लिखते हैं, वे खेतों में निड़ानी नहीं करते, कारखाने में काम नहीं करते—बहुत हुआ तो दिमाग लड़ाकर गुजारा करते हैं। शारीरिक श्रम से दिमागी कसरत का, काम से कविता का, कवि से पाठक का आमना-सामना नहीं ही होता है।

इसके पीछे

आज गांव के और शहर के, दोनों ही कवियों के एक-से

सबसे बड़ी बात भारतेंदु में यह रही कि उन्होंने मानवी परिश्रम और पराक्रम की मर्यादा बढ़ाई है, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा जगाई है।

नई रीति

भारतेंदु की कविता के इकतारे से पहले-पहल देशात्मबोध की स्वर-लहरी ही नहीं गूंजी, बल्कि विषय, भाषा और नई रीति का भी श्रीगणेश हुआ। अब तक कविता राज-दरबारों की तड़क-भड़क में पलती रही, वैभव-विलास और बड़े-बड़ों के गुण-गान ही उसके आधार रहे। यहां आकर उसमें मनुष्यता का दुःख-दर्द, साधारण लोगों के सुख-दुख, व्यथा-वेदना का भी आभास मिलने लगा। भाषा में ब्रजभाषा का दोग्दोरा था—उस पगडंडी पर कविता ने खड़ी बोली के राजमार्ग पर कदम बढ़ाए। देवत्व के आसमान की ओर सदा उठी रहने वाली आंखें माटी की धरती और मनुष्य के आंसू-पसीने की दुनिया की ओर झुक आईं। कविता को एक नई राह, एक नई चाह मिली।

युग-सन्धि

कविता के आदर्श की दोमुहानी पर आकर खड़े हुए बाबू मैथिलीशरण गुप्त। उन्होंने एक निगाह में भारत के पिछले इतिहास को देखा और दूसरी से उसके वर्तमान को और अतीत के गौरव की याद दिलाते हुए वर्तमान के प्रत्यक्ष सत्य को और लोगों को उद्बुद्ध किया। 'हरिगीतिका' में लिखी उनकी 'भारत-भारती' जनता की जबान पर चढ़ गई। उन्होंने मानो लोगों को खड़े होकर अपने भूत-वर्तमान पर गम्भीरता से विचार करने को ललकारा। और 'भगवान भारतवर्ष में गूंजे हमारी भारती', की उनकी कामना पूरी हुई। उनके लिए पुराण के बजाय प्रकृति और मनुष्य ही मुखर हो उठे। देवता और ईश्वर को हो

माया, उसमें सत्यानाश की भाग है। उस सभ्यता के वाहकों का जो प्यार है, वह सर्वग्रासी है।

भारतेंदु

और इसीलिए तरुण कवि की मार्मिक वाणी फूट पड़ी—

आवहु सब मिलि रोवहु भारत भाई
अहा, भारत दुर्दशा न देखी जाई।

गोरों के साथ जो यन्त्र-सभ्यता आई उसके लोह-पाश में भारत का जातीय-जीवन जिस बुरी तरह बंध गया, समाज में रूढि और कुरीतियों का जैसा बोल-बाला हो गया—इन सबकी ओर कवि की आंखें गईं। उसने अन्तर की आंखों से सोने के पिंजड़े में तड़पने वाले पंछी-जैसा भारत की अन्तरात्मा को छटपटाते देखा और अपनी रचनाओं के पैने कुठार से चारों तरफ से प्रहार शुरू किए। अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से जिन थोड़ी आत्माओं में ऊब और असन्तोष की चिनगारी छिटकी थी, उसे उन्होंने उकसा और लहकाकर व्यापक ज्वाल बनाने की साधना की। देश और समाज की इस गई-बीती हालत को उन्होंने लोगों की आंखों में उंगली गड़ाकर बताया। अपने नाटक, अपनी कविताओं, अपने निबन्ध और अपने व्याख्यानों में उन्होंने समाज-सुधार और देशात्म-बोध की भावना जगाई। लेकिन देशात्म-बोध के नाते उन्होंने देश की सारी किवाड़-खिड़कियों को बन्द कर महज अपने-ही-आपमें सिमट जाने की संकीर्णता को नहीं सराहा। उन्होंने ब्राह्मण आदि के पाखंड पर काफी छींटा-कशी की। एक जगह कहा—

रोकि विलायत गमन कूप मंडूक बनायो।
औरन को संसर्ग छुड़ाइ प्रचार घटायो॥
बहु देवी देवतान भूत-प्रेतादि पुजाई।
ईश्वर सों सब विमुख किए हिन्दुन घबराई॥

सबसे बड़ी बात भारतेंदु में यह रही कि उन्होंने मानवी परिश्रम और पराक्रम की मर्यादा बढ़ाई है, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा जगाई है।

नई रीति

भारतेंदु की कविता के इकतारे से पहले-पहल देशात्मबोध की स्वर-लहरी ही नहीं गूंजी, बल्कि विषय, भाषा और नई रीति का भी श्रीगणेश हुआ। अब तक कविता राज-दरबारों की तड़क-भड़क में पलती रही, वैभव-विलास और बड़े-बड़ों के गुण-गान ही उसके आधार रहे। यहां आकर उसमें मनुष्यता का दुःख-दर्द, साधारण लोगों के सुख-दुख, व्यथा-वेदना का भी आभास मिलने लगा। भाषा में ब्रजभाषा का दौरदौरा था—उस पगडंडी पर कविता ने खड़ी बोली के राजमार्ग पर कदम बढ़ाए। देव[illegible] आसमान की ओर सदा उठी रहने वाली आंखें माटी [illegible] मनुष्य के आंसू-पसीने की दुनिया की ओर झुक [illegible] एक नई राह, एक नई चाह मिली।

आकर खड़े हुए बाबू [illegible] से भारत के पिछले [illegible] उनके वर्तमान को और अतीत [illegible] मान के प्रत्यक्ष सत्य की ओर [illegible] तिका' में लिखी उनकी 'भारत- [illegible] ड गई। उन्होंने मानो लोगों को [illegible] पर गम्भीरता से विचार करने [illegible] रतवर्ष में गूंजे हमारी भारती, [illegible] उनके लिए पुराण के बजाय [illegible] उठे। देवता और दैत्य को ही